दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 102/ पृष्ठ 8 / मूल्य₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 14 नवम्बर 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in


## मोदी की गारंटी
## भाजपा का भरोसा
### मध्य प्रदेश संकल्प पत्र



- 5 सालों तक गरीबों को मिलता रहेगा मुफ्त राशन
- किसानों से ₹2700 प्रति क्विंटल पर गेहूं और ₹3100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान की होगी खरीद
- उज्ज्वला और लाड़ली बहनों को ₹450 में मिलेगा गैस सिलेंडर
- मध्यप्रदेश का कोई भी परिवार बेघर नहीं रहेगा प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना शुरू करेंगे
- लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता के साथ मिलेगा पक्का मकान
- प्रत्येक परिवार में कम से कम एक सदस्य को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर
- 15 लाख ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण द्वारा लखपति बनाएंगे
- लाड़ली लक्ष्मियों को जन्म से 21 वर्ष तक कुल ₹2 लाख देंगे
- गरीब परिवार की छात्राओं को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देंगे
- जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण के लिए ₹3 लाख करोड़
- तेंदूपत्ता संग्रहण दर करेंगे ₹4,000 प्रति बोरा
- गरीब परिवार के सभी छात्रों को 12वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा
- सरकारी स्कूल में मिड-डे मील के साथ मिलेगा पौष्टिक नाश्ता
- IIT और AIIMS के तर्ज पर खुलेगा मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी और मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस
- 13 सांस्कृतिक लोकों का होगा भव्य निर्माण
- 6 नए एक्सप्रेस वे का निर्माण- विंध्य एक्सप्रेस वे, नर्मदा, अटल प्रगति, मालवा निमाड़, बुंदेलखंड एवं मध्य भारत विकास पथ
- 80 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के साथ वंदे मेट्रो, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन और रीवा, सिंगरौली और शहडोल में बनेंगे हवाई अड्डे
- एसटी ब्लॉक में एकलव्य विद्यालय और एसटी बहुल जिलों में खुलेगा मेडिकल कॉलेज
- ₹20,000 करोड़ के निवेश से स्वास्थ्य व्यवस्था बनेगी हाई-टेक, हॉस्पिटल और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या होगी दोगुनी



कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं

भाजपा का संकल्प पत्र डाउनलोड करने के लिए QR कोड स्कैन करें

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से WhatsApp के जरिए सीधे जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

प्रकाशक- एमपी बीजेपी, प्रदेश कार्यालय

बड़वानी जिले के तलून में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित सभा में बोल प्रधानमंत्री

# आपसे किया हर वादा पूरा होगा ये मोदी की गारंटी, हर वर्ग को सशक्त बनाएगा भाजपा का संकल्प पत्र

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल





साथियो, सबसे पहले मैं मध्यप्रदेश भाजपा को बधाई देता हूं। पार्टी ने जो संकल्प पत्र जारी किया है, वह मध्यप्रदेश को नई ऊंचाई पर ले जाने वाला, आत्मनिर्भर और युवाओं, महिलाओं और हर वर्ग को सशक्त बनाने वाला है। भाजपा का संकल्प पत्र आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों, गरीबों को नया संबल देने वाला है। ये आप सभी लोगों को मजबूत जिंदगी देने वाला संकल्प पत्र है। भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है कि वह जो कहती है, वो करके दिखाती है। आप मेरे शब्द लिखकर रख लीजिए, आपसे किया गया हर वादा पूरा होगा, ये मोदी की गारंटी है। यह बात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने सोमवार को बड़वानी जिले के तलून में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि भारत की आजादी के इतिहास में आदिवासियों के योगदान को बड़वानी और मालवा निमाड़ से बेहतर और कौन जान सकता है। यह भूमि जनजातीय महापुरुष भीमा नायक, खज्या नायक और टंट्या मामा की प्रेरणास्थली है। मैं इस पवित्र भूमि को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा का जन्म दिवस है। यह गर्व की बात है कि भाजपा सरकार को भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करने का अवसर मिला। हमारे आदिवासी समाज ने भारत को कैसे सशक्त बनाया, संस्कृति को कैसे संरक्षित और समृद्ध किया, आजादी के आंदोलन में उनका क्या योगदान रहा, जनजातीय गौरव दिवस इसे याद करने का बहुत बड़ा दिन बन गया है। मोदी जी ने कहा कि आदिवासी समाज को कांग्रेस ने हमेशा नजरअंदाज किया। आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाने और उसे सामाजिक न्याय दिलाने का काम भाजपा ने किया है। उन्होंने कहा कि यह मेरा एक और सौभाग्य है कि परसों में झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा के गांव जा रहा हूं वहां से पूरे देश के आदिवासी समाज के लिए बहुत बड़ी योजना की शुरुआत होने वाली है।

मोदी जी ने कहा कि यह चुनाव भाजपा और कांग्रेस के चुनाव नहीं हैं। यह चुनाव प्रदेश का उज्जवल भविष्य तय करने वाला चुनाव हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता एमपी को अंधेरे कुएं में धकेलने के लिए जिम्मेदार हैं। भाजपा प्रदेश को अंधकार से बाहर निकाल कर लाई है। मोदी ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस है जो सिर्फ और सिर्फ अपनी खाली तिजोरी भरने के लिए मध्यप्रदेश पर अपना कब्जा जमाना चाहती है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में देखिए कैसे कांग्रेस की काली कमाई के नोटों के ढेर रोजाना निकल रहे हैं। अगर ये काली कमाई नहीं है, तो गद्दे के नीचे क्यों छुपाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को पकड़ना चाहिए कि नहीं पकड़ता चाहिए? मोदी ने कहा कि मैं इन्हें पकड़ता हूं इसीलिए आप मुझे इतना प्यार करते हैं और वह उतनी ही गालियां देते हैं। लेकिन वो कितनी भी गालियां दे दें, आपका प्यार उन्हें चूरचूर कर देता है। मोदी ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस का चरित्र है, दूसरी तरफ भाजपा है जो सेवा के संकल्प और राष्ट्रप्रथम के अपने मिशन को आगे बढ़ा रही है। हमारी प्राथमिकता देखिए, इतना बड़ा चुनाव चल रहा है, लेकिन कल दिवाली मनाने के लिए मैं सीमा पर देश के जवानों के बीच गया था।

## मध्यप्रदेश एक स्वर से कह रहा-फिर एक बार, भाजपा सरकार

मोदी जी ने कहा कि आज भारत को विश्व पटल पर नई बुलंदियां मिली हैं। अमेरिका, जर्मनी, कनाडा, जहां भी जाइये हिंदुस्तान की जय-जयकार हो रही है। भारत की यह जय-जयकार मोदी के कारण नहीं हो रही है, बल्कि आपके एक वोट के कारण हो रही है। आपने अपना वोट देकर मोदी को मजबूत बनाया और देश में एक मजबूत सरकार बनी। आज जब मोदी दुनिया के किसी बड़े-बड़े दिग्गज से हाथ मिलाता है, तो देश के 140 करोड़ लोग मेरे साथ खड़े होते हैं। मोदी ने कहा कि ऐसे में मध्यप्रदेश का भी माथा गर्व से ऊंचा होना चाहिए या नहीं? पूरे देश में मध्यप्रदेश की जय-जयकार होनी चाहिए कि नहीं? आपका एक वोट ये काम कर सकता है। आप मुझे मजबूत बना दीजिए, मध्यप्रदेश मजबूत बन जाएगा। मोदी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है। और विकसित भारत का यह संकल्प एमपी के विकसित भविष्य से जुड़ा है। इसीलिए आज पूरा मध्यप्रदेश एक स्वर से कह रहा है-फिर एक बार भाजपा सरकार।

## कांग्रेस आई, तबाही लाई

मोदी ने कहा कि आजकल मध्यप्रदेश में एक नारा गूंज रहा है, जो लोगों के दिलों से निकला है, दशकों के अनुभव से निकला है और जो आंखों से देखा है, उससे यह नारा निकला है। यह नारा है- कांग्रेस आई तबाही लाई। मध्यप्रदेश ने तो इसे भोगा है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों के अनुभव कहते हैं कि जहां-जहां से कांग्रेस साफ हुई है, वहां से खुशहाली आई है। कांग्रेस ने हिमाचल के किसानों से, वहां की माता-बहनों से, वहां के कर्मचारियों से चांद तारे तोड़कर लाने का वादा किया था। लेकिन आज स्थित यह है कि वहां पेट्रोल, डीजल महंगा कर दिया। किसानों को अपनी सेब की उपज नदियों में बहानी पड़ी। कांग्रेस ने वहां कर्मचारियों और युवाओं से बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन सभी को धोखा दिया। यही स्थिति देश के समृद्ध राज्यों में से एक कर्नाटक की भी है। कांग्रेस सरकार बनते ही बिजली महंगी कर दी। दूध महंगा कर दिया। इससे सामान्य परिवार, किसान और छोटे बड़े सब परेशान हैं। विकास ठप हो गया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस अगर ऐसी बर्बादी समृद्ध कर्नाटक में ला सकती है तो सोचिए यह हमारे मध्य प्रदेश का हाल क्या करेंगे? मोदी ने कहा कि कांग्रेस कुर्सी पाने लिए सोने के महल देने का वादा भी कर सकती है। फिर बाद में कहेंगे कि जब आलू से सोना निकलेगा, तब बनाएंगे महल। लेकिन सत्ता मिलते ही कांग्रेस लूट का कारोबार शुरू कर देगी। इसलिए मध्यप्रदेश के लोगों को, पहली बार वोट देने वाले नौजवानों को बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां कांग्रेस आती है, वहां अपराध चरम पर पहुंच जाते हैं। दंगे फसाद आम हो जाते हैं। बहनों, बेटियों के साथ अत्याचार चरम पर पहुंच जाता है। लोगों के लिए अपने तीज त्योहार मनाना तक मुश्किल हो जाता है। पड़ोस के राज्य राजस्थान में देखिए, क्या हम कभी कल्पना कर सकते थे कि भारत में सर तन से जुदा के नारे सुनाई देंगे? लेकिन कांग्रेस के कुशासन में वीर धरा राजस्थान में यह हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें राजस्थान को तो बचाना ही बचाना है, एमपी को किसी भी हालत में बर्बादी की तरफ नहीं जाने देना है।

## कांग्रेस की बातों और वादों पर देश भरोसा नहीं करता

मोदी ने कहा कि कांग्रेस की बातों और कांग्रेस के वादों पर आज देश बिल्कुल भरोसा नहीं कर रहा। इसका कारण है इनका ट्रैक रिकॉर्ड। आजादी के बाद 60 सालों तक पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक उन्हीं की सरकार चलती थी, उन्हीं का झंडा था लेकिन इस दौरान कांग्रेस ने न आदिवासियों का विकास किया, न उन्हें मान सम्मान दिया। जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो पहली बार मेरे आदिवासी भाई बहनों को वह सम्मान मिलना शुरू हुआ जिसके वह हकदार हैं। क्या यह आदिवासी समाज आजादी के बाद पैदा हुआ है? क्या मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पैदा हुआ है? क्या भगवान राम के समय में हमारा आदिवासी समाज नहीं था? सब को पता है, लेकिन कांग्रेस वालों को पता ही नहीं था। आजादी के बाद देश में आदिवासी समाज के लिए अलग मंत्रालय ही नहीं था, अलग बजट नहीं था, अलग व्यवस्था नहीं थी। केंद्र में जब अटलबिहारी वाजपेयी जी की सरकार बनी, तब पहली बार आदिवासी समाज के कल्याण के लिए अलग मंत्रालय बनाया गया, अलग बजट दिया गया। क्या आप ऐसी कांग्रेस को माफ करोगे? आदिवासी गांवों में सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाएं भाजपा की सरकार पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि रिमोट से चलने वाली यूपीए सरकार के समय आदिवासी मंत्रालय का बजट बहुत कम था। आज मंत्रालय का बजट सवा लाख करोड़ है। हमने एकलव्य मॉडल स्कूलों की संख्या 5 गुना से अधिक बढ़ाई है। लाखों आदिवासी छात्रों को मिलने वाली स्कॉलरशिप में भी बड़ी वृद्धि की है। मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार से एमपी के आदिवासी परिवारों को डबल लाभ हुआ है। देश पर में हमने आदिवासी परिवारों को 8 लाख से अधिक पट्टे दिए हैं, जिनमें से यहां भी हजारों परिवारों को पट्टे मिले हैं। उन्होंने कहा कि यहां पेसा एक्ट का लाभ भी लाखों लोगों को मिला है।

## आदिवासियों के हितों को समर्पित है भाजपा सरकार

मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों के समय भुखमरी से सबसे ज्यादा मौतों की खबर आदिवासी क्षेत्रों से आती थीं। ऐसे में कोरोना का भयंकर समय आया और हर तरफ मौत मंडरा रही थी, तब मैंने तय किया कि किसी गरीब का चूल्हा बुझने नहीं दूंगा। किसी बच्चे को भूखा सोने नहीं दूंगा और किसी मां को रोना पड़े, ऐसी नौबत नहीं आने दूंगा। हमारी सरकार ने मुफ्त राशन की योजना शुरू की। यह योजना दिसंबर में समाप्त होने जा रही है, लेकिन मेरी आत्मा कहती है, गरीबों को भोजन कराना पुण्य का काम है, इसे बंद नहीं कर सकते। बताइए आप इसे पुण्य का काम मानते हैं कि नहीं मानते हैं? पिछले 3 सालों से गरीब को मुफ्त में अनाज मिल रहा है तो उसका पुण्य मिलेगा कि नहीं मिलेगा? इसका पुण्य आपको मिलेगा क्योंकि आपने एक वोट मोदी को दिया, उसके कारण मोदी गरीबों की यह सेवा कर पा रहा है।

सैकड़ों आदिवासी युवाओं को हर वर्ष प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। पीएम विश्वकर्मा योजना में हाथ के शिल्प से जुड़े साथियों के लिए 13000 करोड़ की योजना हमारी सरकार ने बनाई है। एमपी की लाखों बहनों को हमारी सरकार मदद दे रही है और आदिवासी परिवार की बहनों को भी विशेष सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि यह बीजेपी सरकार ही है जिसने पहली बार सिकल सेल बीमारी को दूर करने के लिए राष्ट्रीय अभियान शुरू किया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस तो सिर्फ 8 वनोपज पर ही समर्थन मूल्य देती थी, आज भाजपा सरकार 90 से अधिक वन उपज पर एमएसपी देती है। भाजपा सरकार बंधन योजना लेकर आई है। एमपी की हजारों आदिवासी बहनें इस योजना की मदद से अपनी आय बढ़ा रही हैं।

## किसानों को छलती रही कांग्रेस

मोदी जी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा किसानों के नाम पर सिर्फ अपने लोगों की तिजोरी भरी है। भाजपा ने कपास हो, गेहूं हो, सोयाबीन हो, सभी फसलों का एमएसपी लागत का दो गुना कर दिया है। अब भाजपा सरकार मक्का सहित अन्य मोटे अनाज को बढ़ावा दे रही है। मोटे अनाज को अन्न के नाम से दुनिया भर के बाजारों में पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां का अदरक आज वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट योजना के तहत देश भर में पहुंच रहा है। बड़वानी के मिर्च किसानों को भी सही दाम और सही सम्मान भाजपा ही दे सकती है। मोदी जी ने कहा कि आजादी से पहले बड़वानी को निमाड़ का पेरिस कहा जाता था, भाजपा सरकार अब इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी को और बढ़ाने के लिए तेजी से काम कर रही है।

## कार्यकर्ताओं की मेहनत ने उड़ाई कांग्रेसियों की नींद

मोदी जी ने कहा कि चुनाव का दिन अब ज्यादा दूर नहीं है। भाजपा के कार्यकर्ता मेरी ताकत हैं और मैं जानता हूं कि मध्यप्रदेश भाजपा का हर कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर बहुत परिश्रम कर रहा है। मैंने मध्यप्रदेश में काम किया है और यहां के कार्यकर्ताओं की ताकत तथा संगठन की शक्ति को मैं जानता हूं। यह स्व. कुशाभाऊ ठाकरे जैसे नेताओं की तपस्या का परिणाम है। सभा को प्रदेश महामंत्री व सांसद सुकविता पाटीदार ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर बड़वानी जिलाध्यक्ष ओम सोनी, धार जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी, सांसद गजेंद्रसिंह पटेल, डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, छतरसिंह दरबार, बड़वानी विधानसभा प्रत्याशी प्रेमसिंह पटेल, राजपुर विधानसभा प्रत्याशी अंतरसिंह पटेल, पानसेमल विधानसभा प्रत्याशी श्याम बर्डे, सेंधवा विधानसभा प्रत्याशी अंतरसिंह आर्य, कुविधानसभा प्रत्याशी जयदीपसिंह पटेल, गंधवानी विधानसभा प्रत्याशी सरदारसिंह मेडा, धरमपुरी विधानसभा प्रत्याशी कालूसिंह ठाकुर, मनावर विधानसभा प्रत्याशी शिवराम कन्नौज उपस्थित थे।

# 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान किया जा सकेगा

भोपाल। मतदान 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि कि मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह 5-30 बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट 5-30 बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा।



**बाल दिवस**...नंहरू जयंती पर आज रोशनपुरा चौराहे पर बच्चे चाचा नेहरू की वेशभूषा में दिखे। इन लोगों ने नेहरू जी का प्रिय गुलाब का फूल भी हाथों में लिया हुआ था।

## गोर्वधन पूजा....




भोपाल। दीपावली पर्व के बाद भगवान को गोवर्धन पूजन किया जाता है। कई जगह गोबर से गोवर्धन बनाकर परंपरागत तरीके से पूजन किया गया।


# मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

17 नवम्बर 2023 को विधानसभा के लिए होने वाले मतदान में भाग लेने के लिए मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र राज्य सरकार,पीएसयू सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों,एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन
वर्ष 53/ अंक 102/ पृष्ठ 8 / मूल्य₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, मंगलवार 14 नवम्बर 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in




# हार तय देख कांग्रेस बौखलाई: मोदी

## राहुल के मेड-इन-चाइना बयान पर बैतूल में पीएम ने कहा- मूर्खों के सरदार किस दुनिया में रहते हैं



**बैतूल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी के मेड इन चाइना वाले बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस के एक महाज्ञानी कह रहे थे कि भारत के पास मेड इन चाइना मोबाइल फोन होता है। अरे, मूर्खों के सरदार। किस दुनिया में रहते हैं लोग। कांग्रेस नेताओं को देश की उपलब्धियां न देखने की बीमारी हो गई है। आज भारत दुनिया में मोबाइल फोन का सबसे बड़ा निर्माता है।

मंगलवार को बैतूल की चुनावी सभा में उन्होंने कहा, हार तय देख कांग्रेस नेता बौखला गए हैं। सरकारी कर्मचारियों-अधिकारियों को धमकाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस की धमकियों से डरने की जरूरत नहीं है। एमपी में आज भी भाजपा है, 3 दिसंबर के बाद भी भाजपा सरकार है।

राहुल गांधी ने सोमवार को हरदा की सभा में कहा था, मैं चाहता हूं कि ऐसा दिन आए, जब चीन में कोई मोबाइल खोले और पीछे लिखा देखे मेड इन मध्यप्रदेश। वो सोचे कि मध्यप्रदेश कहां है, जिसने हमारी नौकरियां ले लीं।

**कांग्रेस ने खुद को भाग्य के भरोसे छोड़ा-** आज पूरे एमपी से रिपोर्ट मिल रही है कि कांग्रेस ने हार मानकर खुद को भाग्य भरोसे छोड़ दिया है। मान लिया है कि मोदी की गारंटी के सामने कांग्रेस के झूठे वादे एक पल भी टिक नहीं सकते। मोदी की गारंटी का मतलब है- गारंटी पूरा होने की गारंटी।

**कांग्रेस को डर कहीं मोदी लॉकर न खोल दे:** हार निश्चित देख कांग्रेस नेताओं में साइड इफेक्ट हुआ है। वे बौखला गए हैं। कांग्रेस के धमकीबाज नेताओं की खुद की कोई गारंटी नहीं। इनके भ्रष्टाचार के पाप ही इतने हैं कि चिंता रहती है कि मोदी कहीं लॉकर खोल देगा तो लेने के देने पड़ जाएंगे।

**मोदी नर्मदा का पानी पीकर बड़ा हुआ है:** कांग्रेस वाले राम मंदिर निर्माण की तारीखें पूछा करते थे। इन्हें पता नहीं कि मोदी किस मिट्टी का बना है। मोदी नर्मदा का पानी पीकर बड़ा हुआ है। कांग्रेस ने पिछली बार कर्जमाफी का वादा कर सरकार बनाई। डेढ़ साल बाद तक वादा पूरा नहीं कर पाए।

**केंद्रीय मंत्री गडकरी और प्रहलाद आज, सीएम योगी कल आएंगे-** कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में चुनाव प्रचार चरम पर है, ऐसे में भाजपा ने भी यहां पूरी ताकत झोंक दी। 14 नवंबर को दो केंद्रीय मंत्री भाजपा की तरफ से छिंदवाड़ा में प्रचार करने पहुंच रहे हैं। जानकारी के मुताबिक केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और खाद्य प्रसंस्करण व जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल जिले में दो-दो सभाएं करेंगे। जबकि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 नवंबर को आएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रियवर सिंह ने बताया कि मंगलवार को गडकरी दोपहर 12.20 परासिया और दोपहर 2 बजे सौंसर में जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल दोपहर 12ः00 बजे अमरवाड़ा के पौनार और 1.30 बजे चौरई के हिवरखेड़ी में सभा करेंगे। वहीं 15 नवंबर को यूपी के सीएम योगी छिंदवाड़ा के दशहरा मैदान में दोपहर 2ः30 बजे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बाल दिवस के मौके पर राष्ट्रपति भवन में स्कूल के बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान महामहिम ने कहा कि आप भारत के भविष्य के निर्माता हैं। आज आप जिस रास्तों पर चलोगे आने वाले दिनों में देश उन्हीं राहों पर आगे बढ़ेगा। छाया: इंदू डांग।

# राहुल बोले-एमपी में कांग्रेस का तूफान आने वाला है

## विदिशा में कहा- चुनी हुई सरकार को मोदी, शिवराज, अमित ने मिलकर चोरी किया



**विदिशा।** राहुल गांधी ने विदिशा में सभा को संबोधित करते हुए कहा- मैं 100 प्रतिशत कह सकता हूं कि यहां पर कांग्रेस पार्टी का तूफान आने वाला है। आप लिखकर रख लो मध्यप्रदेश की जनता कांग्रेस को 145 से 150 सीट तक देने जा रही है। राहुल गांधी ने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता ने प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार चुनी थी। मोदी, शिवराज, अमित ने मिलकर चुनी सरकार को चोरी किया। यहां करोड़ों रुपए देकर कांग्रेस पार्टी के विधायकों को खरीदकर सौदा करके, जो आपका निर्णय था। जो आपके दिल की बात थी। उसे बीजेपी के नेताओं ने, प्रधानमंत्री ने कुचलने का काम किया। आपके साथ धोखा किया। अरबपतियों को धोखा नहीं दिया, किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों, युवाओं, बेरोजगार युवाओं को धोखा दिया।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार को मप्र में दो चुनावी सभाएं करेंगे। वे दतिया के सेवढ़ा विधानसभा के इंदरगढ़ और श्योपुर में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### सांध्यप्रकाश विशेष



लंदन के दस, डाउनिंग स्ट्रीट में दीपावली की धूम। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, उनकी पत्नी और परिजन। ब्रिटेन में सनातन संस्कारों का प्रसार। यही हमारी संस्कृति और परंपरा रही है।



देश के पूर्व और प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने दिल्ली के शांतिवन में पुष्पांजलि अर्पित की। खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर भी पूर्व पीएम के योगदानों को याद किया।

# कांग्रेस नेता गोविन्द गोयल के घर पहुंचकर पर्ची दी मुख्यमंत्री ने



**भोपाल।** आज सुबह सीएम शिवराज सिंह चौहान श्यामला हिल्स स्थित कांग्रेस नेता गोविन्द गोयल के निवास पर पहुंचे। बीजेपी द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पर्ची वितरण अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने गोयल परिवार के सदस्यों को मतदाता पर्ची देकर मतदान करने की अपील की। श्यामला हिल्स पर घरों में मतदाता पर्ची वितरण के दौरान सीएम ने एक घर में पहुंचकर कहा- हम आपके पड़ोस में ही रहते हैं। रहवासियों ने तिलक लगाकर सीएम का स्वागत किया।

मतदाता पर्ची बांटने के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा- आज से अपने मतदाता भाई बहनों के बीच मतदाता पर्ची बांटने का काम शुरु किया है। इससे मतदाताओं को अपने पोलिंग बूथ की जानकारी मिल जाती है। केवल पर्ची नहीं हम संपर्क करके आवश्यक वोट डालने का आग्रह कर रहे हैं। और मप्र के कल्याण, समृद्धि के लिए भाजपा को वोट डालें। हमने अपने प्रत्याशी भगवानदास सबनानी के साथ मतदाता पर्चियां बांटकर बीजेपी को वोट देने की अपील की है। इस दौरान दक्षिण-पश्चिम विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी भगवानदास सबनानी, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, पूर्व सांसद आलोक संजर आदि मौजूद रहे।

# राहुल गांधी को मिला मौनी बाबा से मंत्र, केदारनाथ यात्रा का वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी केदारनाथ की धार्मिक यात्रा से मौनी बाबा का एक मंत्र लेकर लौटे हैं। यह मंत्र है डरो मत, भय मन का वहम है। केदारनाथ से लौटने के एक हफ्ते बाद राहुल गांधी ने अपनी यात्रा का एक वीडियो एक्स पर अपलोड किया है। इस वीडियो में राहुल रात के समय केदारपुरी में मौनी बाबा की कुटिया में बैठे हैं और उनसे प्रश्न कर रहे हैं।



इन प्रश्नों के उत्तर बाबा लिखकर दे रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है। एक्स पर राहुल लिखते हैं, भय मन का वहम है। केदारनाथ में मौनी बाबा से डरो मत का रहस्य और उनकी वर्षों की तपस्या को नजदीक से जाना। इस छोटे से वीडियो में राहुल कुटिया में मौनी बाबा से संवाद करने के अलावा वहां भोजन करते हुए भी दिख रहे हैं। बाबा से राहुल पूछ रहे हैं, आपने 11 साल मौन क्यों रखा? मौनी बाबा ने जवाब लिखकर दे रहे हैं। लिखा, ये तो केदार बाबा ही जानें। 11 साल न बोलने के बाद आप में क्या बदलाव दिखा? जवाब में मौनी बाबा ने लिखा, सब केदार बाबा की मर्जी। आप मेरे पास नहीं आए, केदार बाबा आपको यहां लेकर आए हैं। अब राहुल कहते हैं, हां, मैं जानता हूं। बाबा राहुल को इशारा करते हैं, आप कुछ खाओगे, राहुल भी इशारों में जवाब देते हैं, थोड़ा सा? फिर वीडियो में एक बाबा दिखाई दे रहे हैं जो कुटिया में तवे पर मोटी-मोटी रोटी सेक रहे हैं। राहुल यह रोटी खाते हुए दिखते हैं।

# कांग्रेस ने सभी को समान अधिकार दिए, बीजेपी कांग्रेस को गाली देती है: खड़गे



**दतिया।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दतिया के सेवढ़ा में कहा, बीजेपी वाले कांग्रेस को गालियां देते हैं। तुमने कुछ नहीं किया। मेहनत करे मुर्गी साहब, अंडा खाए फकीर साहब। कहते हैं 70 साल में क्या किया। हमने कुछ नहीं किया होता तो आप प्रधानमंत्री और शाह केंद्रीय गृहमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठते।

खड़गे ने कहा कि आज बहुत ही महत्व का दिन है। आज देश की आजादी के लिए लड़ने वाले हमारे पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरु जी का 134वां जन्मदिन है। उन्होंने लोकतंत्र की बुनियाद डाली। उन्होंने बाबा अंबेडकर के साथ जो संविधान बनाया, जिसकी वजह से आज सभी को वोटिंग का अधिकार मिला। अंग्रेजों ने चुनिंदा लोगों को वोटिंग पावर दी थी। ये पावर सिर्फ अमीरों के पास थी। गरीब, महिलाओं और दलितों को ये राइट नहीं था। लेकिन नेहरु जी सभी को समान अधिकार दिया। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी को बराबर अधिकार दिया। ये कांग्रेस की खूबी है।

उन्होंने कहा कि मोदीजी हमेशा अपने मन की बात करते हैं, लेकिन जनता के दिल की बात कभी नहीं करते। जब वोट चाहिए कहते हैं मैं गरीब का बेटा। अरे तुम तो दुकानदार बनके बैठे थे। तुमने कहां गरीबी देखी। ये आदिवासी युवक के मुंह पर पेशाब करते हैं। फिर कहते हैं हमसे गलती हो गई। उसके पैर धोते हैं। ये सब दिखाने के लिए मत करो। गलती होती है, लेकिन तुम लोगों को कुचलते, मारते और मरवाते रहे। जब आजादी के लिए लड़ रहे थे, तब तो आप जन्में भी नहीं थे।

# अक्तूबर में थोक महंगाई घटी, लगातार सात महीने से आंकड़ा शून्य से नीचे, खाने-पीने का सामान सस्ता



**नई दिल्ली।** थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगातार सातवें महीने नकारात्मक बनी हुई है। अक्तूबर में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई शून्य से 0.52 प्रतिशत नीचे रहे। खाद्य पदार्थों में नरमी से यह स्थिति बनी हुई है। बता दें कि थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से ही नकारात्मक स्तर पर है। सितंबर, 2023 में तो यह (-) 0.26 के स्तर तक पहुंच गई थी।

बीते साल अक्तूबर माह में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 8.67 प्रतिशत थी। वाणिज्य मंत्रालय का कहना है कि अक्तूबर 2023 में महंगाई दर नकारात्मक होने की प्रमुख वजह रसायनों, रसायन आधारित उत्पादों, बिजली, कपड़े, आधार धातु, कागज और कागज उत्पादों की कीमतों में गिरावट की वजह से है। खाद्य पदार्थों में अक्तूबर में महंगाई 2.53 प्रतिशत थी, जबकि उससे पिछले महीने यानी कि सितंबर में यह आंकड़ा 3.35 प्रतिशत था।

ईंधन और बिजली की महंगाई अक्तूबर शून्य से 2.47 प्रतिशत नीचे थी, जो कि सितंबर में शून्य से 3.35 प्रतिशत नीचे थी। विनिर्माण उत्पादों में महंगाई दर (-) 1.13 प्रतिशत, जबकि सितंबर में (-)1.34 प्रतिशत थी। वार्षिक खुदरा महंगाई या सीपीआई अक्तूबर में बीते पांच महीने में सबसे कम यानी 4.87 प्रतिशत रही।

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दिखाया कनाडा को आइना, कहा- अपने देश में कट्टरपंथ और पूजा स्थलों पर हमले रोकें

**नई दिल्ली।** भारत-कनाडा के बीच जारी राजनयिक विवाद के बीच भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कनाडा को आईना दिखाया है। भारत ने एक बड़े कूटनीतिक कदम के तहत संयुक्त राष्ट्र में कनाडा को पूजा स्थलों और घृणा अपराध को रोकने की सलाह दी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की बैठक के दौरान एक प्रस्ताव पर चर्चा में भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका के राजनयिकों ने कनाडा को कुछ सलाह दीं।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने कहा भारत की कनाडा को सलाह है कि वह अपने घरेलू ढांचे को मजबूत करे, जिससे बोलने की आजादी का गलत इस्तेमाल ना हो सके। साथ ही कट्टरपंथ को बढ़ावा ना मिले और हिंसा ना भड़के।% भारतीय राजनयिक ने कहा कि कनाडा में पूजा स्थलों, धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों को भी रोका जाना चाहिए। घृणा अपराध और घृणा भाषणों को रोकने के लिए कानून मजबूत करने चाहिए।

## बांग्लादेश ने अप्रवासियों के खिलाफ भेदभाव के मुद्दे पर घेरा

बांग्लादेश के राजनयिक अब्दुल्ला अल फोरहाद ने कहा कनाडा को रंगभेद, घृणा अपराध और अप्रवासी और मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है। बांग्लादेश ने कनाडा को कार्बन उत्सर्जन कम करने की भी सलाह दी और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने को कहा। श्रीलंका के राजदूत थिलिनी जयशेखरा ने कनाडा से कहा अप्रवासी कामगारों और उनके परिवारजनों के अधिकारियों की रक्षा की जानी चाहिए। साथ ही रंगभेद, भेदभाव भरी नीतियों के खिलाफ और अप्रवासी मजदूरों के अधिकारों को प्रभावी तरीके से लागू करने की जरूरत है।

## सम्पादकीय

# अंतिम चरण का चुनाव प्रचार

बस आज और कल.. फिर चुनावी शोर शांत हो जाएगा और पांच साल के लिए राज्य का भविष्य मशीनों में कैद हो जाएगा। पांच राज्यों में हो रहे चुनावों को आगामी आम चुनाव के लिए सेमीफायनल के तौर पर देखा जा रहा है। इनमें से मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को 230 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होना है। इसके लिए प्रचार 15 नवंबर को यानि कल शाम को थम जाएगा। सरकार बनाने के लिए सभी पार्टियों ने ताकत झोंक दी है, मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है, जबकि कोई एक तिहाई सीटों पर तीसरे और चौथे दल समीकरण बिगाड़ते दिख रहे हैं। इसके बाद भी उम्मीद यही की जा रही है कि किसी भी एक दल की सरकार बनेगी।

मध्यप्रदेश में जीतने की खातिर भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत लगा दी है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन जनसभा और एक रोड शो होगा। इसी तरह केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा भी रोड शो और जनसभा कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को राजधानी भोपाल में अपनी मोहब्बत की दुकान सजाई और भीड़ भरा रोड शो किया। वह आज भी मंगलवार को प्रदेश के दो जिलों में प्रचार करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मंगलवार को सेवढ़ा विधानसभा के इंदरगढ़ और श्योपुर में जनसभा करेंगे। इसी तरह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ मुरैना में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान धुंआधार सभाएं व रोड शो कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से लेकर पार्टी के तमाम बड़े नेता, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के हेमंत बिस्वा सरमा, गुजरात के भूपेंद्र पटेल, दो दर्जन से ज्यादा केंद्रीय मंत्री भाजपा के पक्ष में प्रचार अभियान में जुटे रहे, तो कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, युवा नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से लेकर दर्जन भर से ज्यादा केंद्रीय नेता, राजस्थान के सचिन पायलट और अन्य लोग प्रचार करने आए। कहीं जातियों को साधा जा रहा है तो कहीं गरीब, दलित और आदिवासियों को। ओबीसी की अलग लहर है। कुछ जातियां भाजपा के पक्ष में खड़ी दिख रही हैं तो कुछ कांग्रेस के। वहीं जाति प्रभावित इलाकों में ये जातियां किसी एक प्रत्याशी के साथ खड़ी हो जाती हैं, भले ही वह तीसरे या चौथे दल हो या फिर निर्दलीय।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में ऐसा कहा जाता है कि जिसने मालवा-निमाड़ को साधा, सत्ता उसकी ही हो जाती है। इस बार भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों का इस क्षेत्र पर विशेष जोर दिखा है। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों के लिए, चुनाव प्रचार के अंतिम दिनों को इस इलाके के लिए चुना है। मोदी के मंगलवार को शाजापुर, झाबुआ और इंदौर में कार्यक्रमों को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, कांग्रेस का जोर मध्य भारत और बुंदेलखंड पर ज्यादा है, जहां वह कमजोर मानी जाती रही है।

चुनाव प्रचार में पार्टियों के साथ ही प्रत्याशियों ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक कर रखी हुई है। भाजपा के लिए लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वापसी की चुनौती है, तो कांग्रेस के लिए भी जीने-मरने का सवाल बन गया है। तीसरे दल अपनी मौजूदगी दर्ज कराने ताकत लगा रहे हैं, उन्हें भाजपा और कांग्रेस के बागियों पर पूरा भरोसा है। यह चुनाव निश्चित तौर पर पिछले चुनावों के मुकाबले ज्यादा महंगा दिख रहा है। चुनाव आयोग ने जो खर्च तय किया है, सही बात तो यह है कि उससे पोलिंग बूथ का प्रबंधन भी बमुश्किल हो सकेगा। प्रचार पर प्रत्याशी के हिस्से का खर्च भी दस गुना बढ़ा है, तो पार्टियों ने भी कई गुना खर्च बढ़ाया है। बड़े नेताओं के दौरों-सभाओं पर ही करोड़ों का खर्च आ चुका है।

दोनों प्रमुख पार्टियों ने अपने-अपने घोषणा पत्र जारी कर दिए हैं। एक का संकल्प पत्र है तो दूसरे का वचन पत्र। पुरानी योजनाओं और घोषणाओं के साथ ही वायदों को नया रूप दे कर जनता के सामने परोसा गया है। कांग्रेस का पूरा जोर स्थानीय मुद्दों पर ज्यादा रहा है तो भाजपा नेताओं का रवैया कांग्रेस के प्रति हमलावर, खास तौर पर सनातन और राम मंदिर के मुद्दों को लेकर ज्यादा जोर रहा। घोषणा पत्रों में दोनों पार्टियों ने मतदाता को रिझाने की पूरी कोशिश की है एक-दूसरे पर झूठ बोलने से लेकर मतदाता को भ्रमित करने तक के आरोप भी लगाए जा रहे हैं।

बस यह दौर कल शाम तक चलेगा। फिर घर-घर दस्तक और मतदान केंद्रों के प्रबंधन का अंतिम चरण चलेगा। कमरा बैठकों का दौर चलेगा, तो चमत्कार की उम्मीदों की प्रार्थनाओं का सिलसिला भी चलता रहेगा। मतदाता ने लगातार चुप्पी ओढ़ कर रखी हुई है। बस देख रहा है। सुन रहा है। कुछ लोग सभाओं में पहुंच जाते हैं, कुछ रैलियों में। लेकिन इन भीड़ों को देखकर संबंधित पार्टी की जीत या हार का अनुमान लगाना उचित नहीं होता। दो-तीन प्रतिशत छोड़ दें, तो मतदाता अपना मन पहले ही बना लेता है कि वह किसे टिकट देगा। चाहे चेहरे पर दे, योजनाओं पर दे, वायदों पर दे या फिर जाति-संप्रदाय के आधार पर। मन एन वक्त पर बहुत ही कम बदलता है। और मतदान के बाद परिणाम के लिए कुछ लंबा इंतजार करना होगा। फिलहाल प्रचार के अंतिम दौर का आनंद लेते हैं।

# प्रसंग वशः प्रकृति सत्ता के संवाहक गोवर्धन व गौ माता को पूज्यनीय बनाया था श्रीकृष्ण ने

**चंद्रकांत अग्रवाल**

आज का कालम मैं अपने उस मुक्तक से कर रहा हूं, जो आज ही प्रकृति सत्ता के संवाहक पितृवत पर्वत गोवर्धन व गौ माता को पूज्यनीय बनाया था श्री कृष्ण ने। जिसे विगत दिनों सोशल मीडिया पर देश भर में काफी पसंद किया गया था। माँ राधा के प्रेम का बल था, इंद्र के अहंकार का छल था। कृष्ण ने जो उठाया गोवर्धन, ब्रज के पुरुषार्थ का फल था।। यूं तो दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस वर्ष भी यह पर्व विगत वर्ष की तरह एक दिन बाद मनाया जा रहा है। पिछली बार इसका कारण सूर्यग्रहण था तो इस बार दो दिन अमावस्या तिथि रही। इस त्यौहार का भारतीय लोक जीवन में बहुत महत्व है। इस पर्व में प्रकृति मां व गाय माता के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध स्पष्ट होता है। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोक कथा है।

प्रकृति संसार में नदियों को मां तो पर्वतों को पिता की तरह देखा जाता है। पर्वतों के पुरुषार्थ से, मानव जाति के लिए आवश्यक जल,पशुओं के लिए चारा आदि बहुत कुछ मिलता है, बादलों के इनसे टकराने से वर्षा होती है। इस तरह पर्वत हमें एक पिता की तरह सरंक्षण भी देते हैं। गोवर्धन पूजा में गोधन अर्थात गायों की पूजा भी की जाती है।शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती है , जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं, उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। उनका बछड़ा खेतों में अनाज उगाता है। इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाति के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गाय के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की। जब कृष्ण ने ब्रजवासियों को मूसलधार वर्षा से बचाने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उँगली पर उठाकर रखा और गोप-गोपिकाएँ उसकी छाया में सुखपूर्वक रहे। सातवें दिन भगवान ने गोवर्धन को नीचे रखा और प्रतिवर्ष इंद्र की जगह गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी।

तभी से यह उत्सव अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। श्री कृष्ण ने कहा कि इंद्र होंगे देवताओं के राजा पर गोवर्धन जैसे हमारे पर्वत प्रकृति की सत्ता के एक अभिन्न अंग हैं,जो हमें दृश्य,व्यवहारिक व लौकिक रूप से बहुत कुछ देते हैं। प्रकृति मां के आंचल के बिना तो हम पृथ्वी की कल्पना भी नहीं कर सकते। धरती हमें अन्न, चारा,पानी ,फल, फूल,क्या नहीं देती। अत: बिना कभी थके,या हमसे कुछ भी लिए बिना,प्रकृति सत्ता परिवार के अभिन्न अंग यह धरती, आसमान, प्राण वायु,नदियां,पर्वत, गाय माता, पेड़, तो हमारी जीवन रेखा बनाते हैं। सूर्य और चंद्र बिना थके हजारों वर्षों से लगातार दृश्य रूप से, वैज्ञानिक व



प्रामाणिक रूप से हमारे दिन और रात की रचना करते हैं। तब प्रकृति मां की दृश्य सत्ता को, उसके मानव जाति के प्रति अनंत उपकारों को हम भला कैसे अनदेखा कर सकते हैं। जिस तरह हमारे मां पिता हमें पालते हैं,प्रकृति की यह ममतामई सत्ता सम्पूर्ण मानव समाज को हजारों सालों से,किसी से भी बिना कुछ मांगे,कोई टैक्स लिए बिना, हमें जिंदा रहने के लिए प्राण वायु जिसे वैज्ञानिक आक्सीजन कहते हैं देने से लेकर,पानी, दूध,भोजन, आदि सब कुछ दे रहे हैं। तब हमारे लौकिक देवी,देवता तो सर्वप्रथम यही होने चाहिए। इनकी ही पूजा हमें करनी चाहिए। कृष्ण कहते हैं कि हमारे घर संसार के सबसे बड़े देवी, देवता, गुरु तो सर्वप्रथम हमारे माता पिता ही हैं। आज लोग अपने माता,पिता को छोड़ प्रोफेशनल बाबाओं को गुरु बना उनके चक्कर में अपने उन गुरुओं,शिक्षकों को सम्मान देना तो दूर,अनदेखा ही कर देते हैं,जिन्होंने स्कूल,कालेज में उनको पढ़ाया,इस काबिल बनाया। हम पत्थरों के बने भगवानों की प्रतिमाएं खूब पूजते हैं,पर हमारे कई पर्वतों को ब्रज के गोवर्धन की तरह क्यों नहीं पूज पाते,यहां तक कि उनका सरंक्षण तक नहीं कर पाते। विकास के नाम पर आज किस तरह डायनामाइट लगाकर पर्वतों को तोड़ा जाता है,लाखों पेड़ों की बेरहमी से काटा जा रहा है,जंगलों की अवैध कटाई,की जा रही है। मानव समाज को दूध,घी,दही, गोबर खाद, अमृत समान औषधि गौ मूत्र देने वाला गौ वंश तक कसाई खानों में बेरहमी से काटा जा रहा है। यह सब हमारी चरित्र व संस्कारों की कमजोरी नहीं तो और क्या है। आज हजारों गौ व गौ वंश सड़कों पर बेसहारा,भोजन की तलाश में घूमने को मजबूर है। आज का दिन कृष्ण अपनी पूजा गौ पालक के रूप में कराकर, गोवर्धन धारी,गिरिराजधरण के रूप में कराकर यही संदेश देते हैं कि यदि हम गौ वंश का ही सरंक्षण नहीं कर पा रहे,पर्वतों का सरंक्षण नहीं कर पा रहे, गौ वंश को भोजन देने वाले उन पेड़ों को नहीं बचा पा रहे जो हमें प्राण वायु आक्सीजन देते हैं,फल, फूल देते हैं,तो फिर हम स्वयं को कृष्ण भक्त या कृष्ण प्रेमी कैसे कह सकते हैं?

कबीर अपनी वाणी में कहते भी हैं-

कबीर, गोवर्धन कृष्ण जी उठाया, द्रोणागिरि हनुमंत। शेष नाग सब सृष्टि उठाई, इनमें को भगवंत।।

गोवर्धन पूजा के सम्बन्ध में एक सत्य लोक गाथा प्रचलित है। जिसका प्रामाणिक उल्लेख श्रीमद भागवत कथा में भी भागवताचार्य प्रमुखता से करते हैं। कथा यह है कि देवराज इन्द्र को अभिमान हो गया था। इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण जो स्वयं लीलाधारी श्री हरि विष्णु के अवतार हैं ने एक लीला रची। एक दिन उन्होंने देखा कि सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे हैं। श्री कृष्ण ने बड़े भोलेपन से मां यशोदा से प्रश्न किया मइया ये आप लोग किनकी पूजा की तैयारी कर रहे हैं। कृष्ण की बातें सुनकर मैया बोली लल्ला हम देवराज इन्द्र की पूजा के लिए अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं। मैया के ऐसा कहने पर श्री कृष्ण बोले मैया हम इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं? मैया ने कहा वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की उपज होती है , उनसे हमारी गायों को चारा मिलता है। भगवान श्री कृष्ण बोले हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये वहीं चरती हैं, इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं। अत ऐसे अहँकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए। लीलाधारी की लीला और माया से सभी ने इन्द्र के स्थान पर गोवर्घन पर्वत की पूजा की। देवराज इन्द्र ने इसे अपना अपमान समझा व मूसलाधार वर्षा आरम्भ कर दी। प्रलय के समान वर्षा देखकर सभी बृजवासी भगवान कृष्ण को कोसने लगे कि, सब इनका कहा मानने से हुआ है। तब मुरलीधर ने मुरली कमर में डाली और अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्घन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछड़े समेत शरण लेने के लिए बुलाया। इन्द्र कृष्ण की यह लीला देखकर और क्रोधित हुए फलत वर्षा और तेज हो गयी। इन्द्र का मान मर्दन के लिए तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर रहकर वर्षा की गति को नियन्त्रित करें और शेषनाग से कहा कि आप मेड़ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें।

इन्द्र निरन्तर सात दिन तक मूसलाधार वर्षा करते रहे तब उन्हे लगा कि उनका सामना करने वाला कोई आम मनुष्य नहीं हो सकता अत वे ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और सब वृतान्त कह सुनाया। ब्रह्मा जी ने इन्द्र से कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह भगवान विष्णु के साक्षात अंश हैं और पूर्ण पुरूषोत्तम नारायण हैं। ब्रह्मा जी के मुख से यह सुनकर इन्द्र अत्यन्त लज्जित हुए और श्री कृष्ण से कहा कि प्रभु मैं आपको पहचान न सका इसलिए अहँकारवश भूल कर बैठा। आप दयालु हैं और कृपालु भी इसलिए मेरी भूल क्षमा करें। इसके पश्चात देवराज इन्द्र ने मुरलीधर की पूजा कर उन्हें भोग लगाया। इस पौराणिक घटना के बाद से ही गोवर्धन पूजा की जाने लगी। बृजवासी इस दिन गोवर्धन पर्वत की पूजा करते हैं। गाय बैल को इस दिन स्नान कराकर उन्हें रंग लगाया जाता है व उनके गले में नई रस्सी डाली जाती है। गाय और बैलों को गुड़ और चावल मिलाकर खिलाया जाता है।श्री द्वारिकाधीश राम जानकी मंदिर की श्रीजी कृपा गौशाला,इटारसी में भी आज गोवर्धन पूजा करते हुए मंदिर समिति सरंक्षक रमेश चांडक ,श्रीराम जन्म महोत्सव समिति अध्यक्ष सतीश सावरिया आदि ने सर्वप्रथम गौ शाला के सभी गौ वंश को स्नान कराया,उनका श्रृंगार किया,फिर गोवर्धन पूजा कर,सभी गौ वंश को उनकी पसंद की भोज्य सामग्री खिलाई। वहीं दीवाली पर्व को लेकर चली आ रही प्राचीन परंपराओं का निर्वाहन आज के आधुनिक दौर में भी इटारसी के आसपास के क्षेत्र के आदिवासी पूरी शिद्दत से कर रहे हैं। दीवाली पर पशु धन कहे जाने वाले मवेशियों को नदी में जाकर स्नान कराया जाता है।

ग्रामीण विनोद बारिवा ने बताया कि दीवाली पर गांव के सभी दुधारू पशुओं को नदी में ले जाकर स्नान करा बाद में इनकी पूजा की गई। नए अनाज से बनाई गई खिचड़ी मवेशियों को खिलाई गई, दीवाली के दूसरे दिन सुबह मवेशियों का श्रृंगार कर भगवान गौवर्धन एवं ग्वाल बाबा की पूजा की गई। मान्यता है कि मवेशियों की पूजन से भगवान ग्वाल, साल भर मवेशियों की रक्षा करते हैं, किसी भी तरह की बीमारी मवेशियों को नहीं होती, साथ ही वे स्वस्थ्य रहते हैं। उधर सिवनी मालवा के हिरनखेड़ा गांव में गौ उत्पत्ति तीर्थ क्षेत्र तालाब पर इस वर्ष भी आदिवासी परिवारों द्वारा पारंपरिक रूप से पूजा की गई। हिरनखेड़ा तालाब पर हर वर्ष बैतूल-मुलताई क्षेत्र के आदिवासी गोली-ग्वाल समाज द्वारा दीवाली के पांच दिवसीय उत्सव पर तालाब के बीच में स्थित ग्वाल बाबा स्थान पर पूजन की जाती है। इस दौरान पूरी रात बांसुरी वादन और लोकगीत-संगीत गायन किया जाता है?। आदिवासी लोक मान्यताओं के अनुसार इस तालाब से ही गाय की उत्पत्ति हुई थी, यह तालाब तीर्थ के रूप में पूजा जाता है आदिवासी परिवारों के आने का क्रम दशहरे से दीवाली के बीच चलता रहता है। मुख्य पूजन दीवाली की रात ही होती है। श्रद्धालुओं द्वारा यहां मोर पंख एवं गौ श्रृंगार का सामान अर्पित किया जाता है। यह तालाब करीब 46 एकड़ में फैला हुआ है, जिसे जिले का सबसे बड़ा तालाब माना जाता है। आदिवासियों का कहना है कि यदि प्रशासन और जनप्रतिनिधि प्रयास करें तो यह तालाब जिले का सबसे सुंदर जलाशय बन सकता है। अत: निराश होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि प्राय: निराशा के अंधकार से ही आशा की किरणें निकलती हैं।

# और सर्दी का अहसास भी ग़ायब है

**राकेश दुबे**

और दीपावली का पर्व भी बीत गया, लेकिन हमारे गरम कपड़े अभी गायब हैं। देश के करीब 99 प्रतिशत से हिस्से अधिक तापमान को झेल रहे हैं। राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों का अधिकतम तापमान अब भी 32-34 डिग्री सेल्सियस है। रात के न्यूनतम तापमान में कुछ ठंडक आई है, लेकिन पंखे अब भी चल रहे हैं। औसत तापमान सामान्य से अधिक है, लिहाजा सर्दी का एहसास भी गायब है।

मौसम विज्ञानियों का आकलन है कि इस बार 15 दिसंबर तक वैसी सर्दी महसूस नहीं होगी, जिसके लिए दिल्ली और आसपास के क्षेत्र विख्यात हैं। बीती कई सदियों की सर्दी का आकलन किया गया है, तो 2023 को सबसे गरम वर्ष आंका जा रहा है। मौसम के इस बदलते रुख के मानवीय स्वास्थ्य, कृषिगत और अर्थव्यवस्था संबंधी नकारात्मक असर भी सामने आ रहे हैं, क्योंकि अनुकूलन का माहौल नहीं है और गरम कपड़ों का बाजार उदास, मूकदर्शक बना है।

मौसम विज्ञानी मान रहे हैं कि संभव है कि आगामी मई-जून में जबरदस्त गर्मी के स्थान पर बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के मौसम देखने और झेलने पड़ें! एक तरफ देश के करीब 91 प्रतिशत शहरों, कस्बों में प्रदूषण की जहरीली हवाएं चल रही हैं, वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार गंभीर श्रेणी में दर्ज किए जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ प्रकृति बेहद नाराज है और सर्दियों में ठंडक ही गायब है। तमिलनाडु में भारी बारिश का प्रकोप है। दिल्ली के कुछ हिस्सों में शुक्रवार की सुबह कुछ बूंदाबांदी हुई है।

यही तो जलवायु परिवर्तन के भयानक और नकारात्मक असर हैं-बेमौसमी सब कुछ। दुर्भाग्य और विडंबना है कि हम अब भी पर्यावरण के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। पृथ्वी का तापमान बढ़ता ही जा रहा है। यह कार्बन उत्सर्जन, विषैली गैसों और धुएं का ही असर है कि जिन यूरोपीय देशों में, घर-दफ्तरों में, पंखे ही नहीं होते थे और अधिकतर मौसम सर्द ही रहता था, वहां आजकल तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। वहां के लोग तालाबों, झरनों में नहा रहे हैं और घर-दफ्तरों में पंखे भी चलने शुरू हो गए हैं। इटली के वेनिस शहर की झीलों पर सूखने के संकट मंडरा रहे हैं। दुनिया भर से लोग इस खूबसूरत शहर में आते रहे हैं और झीलों में नौका-विहार का आनंद उठाते रहे हैं, लेकिन लगातार गर्मी इतनी बढ़ती जा रही है कि झीलों का पारदर्शी पानी भाप बनने लगा है।

ये प्रत्यक्ष तौर पर जलवायु परिवर्तन के ही प्रभाव हैं। भारत में 90 प्रतिशत से अधिक कामगार और मजदूर खुले में ही काम करने को बाध्य हैं। यदि जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मियां लगातार लंबी होती रहीं, तो इस तरह काम करना असंभव-सा होता जाएगा। जाहिर है कि कामगारों की औसत उत्पादकता और कार्य-शक्ति कम होती जाएगी। अंतत नुकसान देश का ही होगा। सर्वोच्च अदालत और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को लेकर सरकारों को फटकार लगाते रहे हैं।चेतावनियां भी जारी करते हैं, लेकिन हमारा राजनीतिक नेतृत्व बिल्कुल संवेदनहीन है। उसे भविष्य के खतरों से डर नहीं लगता। वह अपनी ही सत्ता और सियासत के नशे में चूर है।

दुर्भाग्य यह भी है कि ये मुद्दे जन-सरोकार के आधार नहीं बनते। प्रदूषण और बदलते मौसम के भयावह खतरों पर आंदोलन तैयार नहीं किए जा सकते और न ही कोई चुनाव निश्चित किया जा सकता है। हमारे प्रधानमंत्री ने आज तक, कमोबेश इसी वर्ष के मौसम में, इन मुद्दों का कभी भी गंभीर उल्लेख नहीं किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलनों में जो लक्ष्य तय किए गए हैं, उन पर संबद्ध मंत्रालय कुछ काम कर रहे होंगे, क्योंकि उसी वैश्विक मंच पर जवाबदेही भी तय होनी है, लेकिन पृथ्वी का औसत तापमान कितना कम किया जा रहा है अथवा उस संदर्भ में कितने सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं, उनके कुछ उथले से जवाब तो होंगे। वैसे प्रकृति की करवटों को हम प्रत्यक्ष तौर पर झेल ही रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या वैश्विक स्तर पर है। यह माना जाता है कि इसके लिए ज्यादा दोषी विकसित देश हैं, जो अपनी जिम्मेवारी समझने के लिए तैयार नहीं हैं।

कई अवसरों पर विकसित देशों ने वादा किया कि वे ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को हल करने के लिए पूरे प्रयास करेंगे, लेकिन क्रियान्वयन के स्तर पर आज तक खास कुछ नहीं हुआ। तृतीय विश्व को विकसित देशों पर हर हाल में दबाव बनाना होगा कि वे अपनी जिम्मेवारी समझें, नहीं तो यह समस्या पूरे विश्व के लिए संकट पैदा कर देगी।

# विश्व मधुमेह दिवसः बच्चों में मधुमेह की निरंतर वृद्धि आधुनिक जीवनशैली में असंतुलन के कारण

**योग गुरु महेश अग्रवाल**

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि यदि बच्चे आश्रम में एक-आध महीना व्यतीत करते हैं तो आसन, प्राणायाम, षट्कर्म और शिथिलीकरण के व्यापक अभ्यास अक्सर बाल मधुमेह पर प्रभाव डालते है।

कुछ वर्ष पूर्व तक बच्चों में मधुमेह होना असामान्य था। मधुमेह को सामान्यत: वृद्धावस्था का रोग माना जाता था। पचास-साठ की उम्र में यह उन लोगों में प्रकट होने वाला माना जाता था जिनके भोजन में चीनी और माँड़युक्त पदार्थों की अधिकता होती थी, जिनका वजन बहुत अधिक होता था और जो कभी व्यायाम नहीं करते थे। पैन्क्रियास की कमजोरी को योगोपचार तथा नियंत्रित एवं नियमित भोजन के माध्यम से नियंत्रित और पुन: सक्रिय किया जा सकता है। शरीर के टिश्यू अपने ही इंसुलीन के प्रति ग्रहणशील बनते हैं, पैन्क्रियाज तथा पाचक ग्रंथियों का कायाकल्प होता है और शरीर का वजन भी उपयुक्त बनता है। मधुमेह के रोगी यौगिक अभ्यासों के माध्यम से अपने रक्त में चीनी के स्तर को नियंत्रित करना सीख लेते हैं।

जो भी हो, समय बदल गया है और मधुमेह के स्वरूप में भी परिवर्तन आ रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों में मधुमेह बढ़ता जा रहा है। बच्चों में मधुमेह की निरंतर वृद्धि आधुनिक जीवनशैली में असंतुलन के कारण है। ढलती उम्र में जो मधुमेह धीरे-धीरे पनपता है उसे यौगिक अभ्यासों के द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन मधुमेह का नया स्वरूप वृद्धावस्था में होने वाले मधुमेह से कहीं अधिक गंभीर है।

चिकित्सा विज्ञान के अनुसार बाल मधुमेह में इन्सुलीन की सुई लेने की आवश्यकता होती है। बच्चों को स्वयं यह सुई लेना सिखा दिया जाता है जो उन्हें प्रतिदिन दो-तीन बार लेना होता है। कभी-कभी उन्हें 50 से 75 इकाई दवा लेनी पड़ती है। दुर्भाग्यवश इसका बुरा प्रभाव भी पड़ता है। यह इंसुलीन पशुओं के पैन्क्रियाज से निकाला जाता है। पशुओं से निकाले गये ये प्रोटीन बाह्य तत्त्व या ऐंटीजेन जैसा प्रभाव डालते हैं जिसके प्रति शरीर का सुरक्षातंत्र प्रतिक्रिया करता है। रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिए अन्य दवाओं का भी प्रयोग किया जाता है लेकिन वे हृदय को हानि पहुँचाती हैं।



बाल मधुमेह के कारण - बाल मधुमेह को समझने के लिए पहले यह देखना होगा कि बच्चा मधुमेह से पीड़ित कैसे हो जाता है। कोई बच्चा दुर्बल या अविकसित पैन्क्रियास या यकृत के साथ उत्पन्न हो सकता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि उसने इस रोग को अपने माता-पिता से ग्रहण किया है। ऐसा हो सकता है कि गर्भ में उस महत्त्वपूर्ण सामग्री का अभाव रहा हो जो पाचक ग्रंथियों का निर्माण करती हैं। यह भी हो सकता है कि कोई विष, रसायन या दवा माता के रक्त में घुलकर प्लैसेन्टा के अवरोधक को पार कर गर्भ के संपर्क में आयी हो। यह हमारी आज की यांत्रिक जीवनशैली की जटिलता है।

आजकल आधुनिक भोजन कृत्रिम तरीकों से तैयार और परिरक्षित किये जाते हैं तथा पहले से कहीं अधिक दवाओं और रसायनों का सेवन किया जाता है। यहाँ तक कि जिस वायु को हम श्वास से ग्रहण करते हैं और जिस पानी को पीते हैं वह भी प्राकृतिक और शुद्ध नहीं रह गया है। पहले हम जल के माध्यम से संक्रामक रोगों के फैलने से डरते थे लेकिन आज तो विषैले रसायन हमारे स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए बड़े संकट उत्पन्न करते हैं; हमारे बच्चों को इनसे सबसे अधिक खतरा है। यद्यपि प्लैसेन्टा माता के शरीर से आने वाले विषाक्त पदार्थों और संक्रामक रोगों को गर्भ के विकास की अवधि में अंदर प्रवेश नहीं करने देता है, फिर भी अनेक कृत्रिम दवाएँ एवं वातावरण को दूषित करने वाले औद्योगिक रसायन प्लैसेन्टा के अवरोधक को पार कर अंदर प्रवेश कर सकते हैं। गर्भ में विकसित हो रहे यकृत एवं अग्नाशय इन हानिकारक तत्त्वों से अत्यधिक प्रभावित होते हैं। यही कारण है कि कुछ बच्चे जन्म के समय पीलिया रोग से ग्रस्त रहते हैं। या तो यकृत, अग्नाशय और पाचन तंत्र अविकसित हैं या यकृत पर उस दवा या विष का प्रभाव हो गया है जो माता ने लिया होगा।

शैशव या बाल्यावस्था में बच्चे को उपयुक्त भोजन नहीं मिल पाना भी बाल मधुमेह का एक मुख्य कारण होता है। इससे अग्नाशय समय से पहले ही कमजोर हो जाता है। इस संदर्भ में अनेक माता-पिता को कुछ गलत धारणा रहती है। वे अपने बच्चों को पशुओं की तरह शीघ्र बढ़ता हुआ देखना चाहते हैं। पूर्ण परिपक्वता की आयु का संबंध संपूर्ण जीवन-अवधि से होता है। एक मानव का पूर्ण विकास बीस से पच्चीस वर्षों में होता है, जबकि एक गाय दो या तीन वर्षों में पूरी तरह परिपक्व हो जाती है।

जब हम बच्चों को बहुत अधिक दूध, मछली, मांस और अंडे, माँड़युक्त भोजन तथा चीनी खिलाते हैं तो पाचन, स्वीकरण और मेटाबोलिज्म करने वाले कोमल अंगों पर बहत अधिक दबाव पड़ता है और वे समय से पहले ही कमजोर हो जाते हैं। बच्चों के लिए सर्वोत्तम भोजन माँ का दूध होता है। यह हर दृष्टि से पूर्ण भोजन होता है। माताओं को अपना दूध छुड़ाने के लिए व्याकुल नहीं रहना चाहिए। कुछ समाजों में माताएँ बच्चों को दो-तीन वर्षों तक दूध पिलाती रहती हैं। इसलिए बच्चों को धीरे-धीरे माँ का दूध छुड़ाना चाहिए और फल, सब्जी तथा पके हुए अन्न आरंभ करने चाहिए।

शैशव एवं बाल्यावस्था में विकसित हो रहे अग्नाशय की क्षमता को बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है कि बच्चों को अधिक मात्रा में माँड़ तथा चीनी युक्त संसाधित भोज्य पदार्थ नहीं दिये जाएँ।

भावनात्मक बाधाएँ - बाल मधुमेह की समस्या हर बच्चे में भिन्न होती है। इसलिए कुल मिला कर एक जैसी बात कहना सही नहीं है। फिर भी हम पाते हैं कि मधुमेह से पीड़ित अनेक बच्चों का बचपन असुरक्षित रहा है।

किसी-न-किसी कारण से शैशवकाल से ही उन बच्चों को अपने भावनात्मक वातावरण से पर्याप्त परिपोषण, पालन और प्रोत्साहन नहीं मिल पाया। स्त्रावी, अंत:स्त्रावी तथा पाचक ग्रंथियों की क्रमिक त्रुटि का एक महत्त्वपूर्ण कारण यह भी है। निस्संदेह भय, आशंका और क्रोध का पाचन प्रक्रिया पर प्रभाव पड़ता है। यदि आप खाने जा रहे हैं और उसी समय आप क्रोधित हो जाते हैं तो अविलंब आपकी भूख समाप्त हो जाती है। लारग्रंथी से लार का स्राव रुक जाता है और मुँह सूख जाता है। उसी प्रकार आमाशय, यकृत एवं अग्नाशय की ग्रंथियाँ भी काम करना बंद कर देती हैं और पाचन की क्षमता नष्ट हो जाती है। यदि बच्चे की भावनाओं पर निरंतर भय और आशंका की छाया पड़ती रहेगी तो उसकी पाचन प्रक्रिया स्थाई रूप से क्षतिग्रस्त हो जायेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## 5 साल में दमोह में जो विकास कार्य रूक गए थे उन्हें दुगुनी तेजी से करेंगे : जयंत मलैया



दमोह - भारतीय जनता पार्टी से दमोह विधानसभा प्रत्याशी जयंत कुमार मलैया ने ग्राम बांसा में आम सभा को संबोधित किया जिसमें बड़ी संख्या ग्राम वासियों, कार्यकर्ताओं, युवाओं की उपस्थिति रही। आमसभा में दो दर्जन से अधिक युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की जिन्हें दमोह विधानसभा प्रत्याशी जयंत मलैया ने भाजपा का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। वहीं नगर के मोरगंज गल्ला मंडी में भी भाजपा प्रत्याशी जयंत मलैया ने आमसभा को संबोधित किया वहां भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। जयंत मलैया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 2003 से अभी तक मध्यप्रदेश में विकास की गंगा बहाई है। दमोह में रिंग रोड, वायपास, गांव गांव सड़कें यह सभी भाजपा ने किया। नये स्कूल, स्कूलों का उन्नयन, सुविधाएं यह सब भाजपा ने किया। बहुत से विकास कार्य जो 5 साल में रूक गये थे उन्हें दुगुनी तेजी से पूरे करेंगे।

## सामान्य प्रेक्षक ने औबेदुल्लागंज में मतदान सामग्री वितरण तैयारियों का लिया जायजा



ओवैसुल्लागंज संवाददाता. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायसेन जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 141-भोजपुर के लिए सामान्य प्रेक्षक जेपी मीना ने औबेदुल्लागंज में मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्री का अवलोकन किया। सामान्य प्रेक्षक मीना को भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी चन्द्रशेखर श्रीवास्तव द्वारा मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्री तथा सामग्री वितरण हेतु की जा गईं तैयारियों से अवगत कराया गया।

## एस डी एम ने किया मतदाता जागरूक फ्लेक्स का विमोचन

बैरसिया।। लायन्स क्लब बैरसिया के अध्यक्ष एवं नगर के वरिष्ठ समाज सेवी एवं लायंस क्लब के पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को मतदाता जागरूक फ्लेक्स का विमोचन बैरसिया एस डी एम विनोद सोनकिया से कराया गया।

मतदाता जागरूक अभियान लायंस क्लब बेरसिया की एक अभिनव पहल जिसकी शुरुआत लायंस क्लब सदस्यों की उपस्थिति में अनुविभागीयअधिकारीराजस्व विनोद सोनाकिया तहसीलदार द्वारा फ्लेक्स का विमोचन किया गया।मतदाता जागरूक फ्लेक्स के माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक किया जाएगा। यह फ्लेक्स नगर के मुख्य स्थान पर ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य स्थान पर वाहनों पर लायंस क्लब द्वारा लगाए जाएंगे। इस अवसर पर लायंस क्लब बेरसिया के अध्यक्ष दीपक दुबे लायन ओम प्रकाश गुप्ता लायन प्रमोद गुप्ता लायन अमरजीत गांधी लायन मनोहर लाहोटी लायन राजेश दुधनी मौजूद थे।

## मतदाता संगीत समारोह का आयोजन आज

छतरपुर। छतरपुर जिले में मतदान 17 नवम्बर को होगा। कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में मतदाताओं को जागरूक बनाने के लिए जिले भर में स्वीप अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रहीं है। इसी क्रम में 14 नवम्बर को शाम 6:30 बजे से छतरपुर शहर में स्थित बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में भोपाल के अधिरोहः बैण्ड द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने मतदाता संगीत समारोह का किया जा रहा है।

## दीप जलाकर दिया मतदान करने का संदेश

छतरपुर। कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में मतदाताओं को जागरूक बनाने के लिए जिले भर में स्वीप अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रहीं है। इसीक्रम में छतरपुर शहर के मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण में मतदाताओं से दीपों के माध्यम से 17 नवम्बर 2023 को मतदान करने का संदेश दिया। मतदाताओं ने अंग्रेजी में दीपों के माध्यम से लिखा छतरपुर विल वोट।

# कांग्रेस प्रत्याशी अजय टंडन के रोड शो में मिला अपार जन समर्थन

### 35 वर्ष में विभिन्न विभागों में मंत्री रहे क्या किया दमोह की जनता को केवल चंद कार्यकर्ताओं का हुआ भला



दमोह दीपावली के पावन पर्व पर साप्ताहिक बाजार रविवार के दिन कांग्रेस प्रत्याशी अजय टंडन के साथ हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय से रोड शो, ढोल नगाड़ों, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के द्वारा कांग्रेस द्वारा जनहित में की गई घोषणाओं पर बोलते हुए बस स्टैंड, स्टेशन चौक, राय चौराहा, घंटाघर, उमा मिस्त्री की तलैया, बकौली चौराहा, अंबेडकर चौक होकर दुकानदारों, आम जनों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की उस पर दुकानदारों ने भी दुकानों से निकलकर अजय टंडन का अभिवादन स्वीकार किया और अपना पूर्ण समर्थन देने की बात कही अंबेडकर चौक, कोऑपरेटिव बैंक, किल्लाई नाका, तीन गुल्ली, स्टेशन चौक से लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में रोड शो का समापन हुआ उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतन चंद्र जैन, पंडित मनु मिश्रा, मानक पटेल, गौरव पटेल, संजय चौरसिया, हाकम सिंह, गुड्डू तिवारी, राजेश तिवारी, तेजीराम रोहित, कमलेश उपाध्याय, रजनी ठाकुर, परम यादव, राजा राय, भूपेंद्र आजवानी, संदीप बरदिया, निधि श्रीवास्तव, पारुल टंडन, अखिल टंडन, सोनू जैन वीरेंद्र राजपूत बबलू भारत नितिन मिश्रा मंजीत यादव शुभम तिवारी उबेद गौरी समीम कुरेशी सभी पार्षद गण ने व्यस्ततम बाजार में जनसंपर्क करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी ने 35 वर्ष में दमोह के लिए आम नागरिकों की नब्ज पकडते हुए राज किया है और दरम्यान भाजपा शासन में अनेक विभागों के मंत्री समेत महत्वपूर्ण वित्त मंत्री उद्योग मंत्री रहे किंतु दमोह तो क्या जिले की दशा दिशा तक नहीं बदली चंद कार्यकर्ताओं को ही करोड़पति बनवाकर आमजन को लॉलीपॉप ही देते आए आज भी त्यौहार पर दामोह की सड़के गलियों में तब्दील हो जाती हैं किल्लाई नाका पर आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी अजय टंडन ने कहा कि उपचुनाव में उन्हें सम्मानित जनता ने 17000 से अधिक मतों से जीत का आशीर्वाद दिया और अब वह उनकी कार्य भी जान चुकी है आगामी 17 नवंबर को मतदान दिवस पर जनता अब उन्हें माकूल जवाब देगी।

# प्रचार के अंतिम दिनों में कांग्रेस प्रत्याशी ने तेज किया गांवों में जनसंपर्क

### ग्रामीणों ने स्वागत कर दिया जीत का आशीर्वाद



बैरसिया।। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार प्रसार का सिलसिला तेज हो गया है।भाजपा कांग्रेस सहित अन्य दल एवं निर्दलीय प्रत्याशियों के पक्ष में स्टार प्रचारक अपनी अपनी पार्टी की जीत पक्की करने के लिए चुनावी सभाए कर रहे है। वही प्रत्याशी गांव गांव घूमकर जनसंपर्क में जुटे है। बैरसिया विधानसभा की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती जयश्री हरिकरण ने सोमवार को देव बरखेड़ी गढ़ा कला कडैया कोटा मनाकुण्ड सहित दो दर्जन गांवों में जनसंपर्क कर मतदाताओं को दीपावली की शुभकामनाए देकर आशीर्वाद लिया और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।और लोकतंत्र के पर्व में शत प्रतिशत भागीदारी का आव्हान किया।

इस दौरान श्रीमती जयश्री हरिकरण ने कहा कि आपके विधानसभा क्षेत्र एवं गांव का विकाश कौन कर सकता है।यह सोच कर मतदान करने का समय है।मतदाता अपनी ताकत का इजहार कर अधिक से अधिक मतदान करे।और ग्रमीण क्षेत्रो में भाजपा के लोगो द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों से सावधान और सजग रहे।

आपको बता दे कि बैरसिया विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती जयश्री हरिकरण को क्षेत्र की जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। अपनी विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क करने बाली जयश्री हरिकरण का समर्पण भाव ही प्रभुख आधार है।जो उन्हें जनता का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। इस अवसर ब्लाक मंडलम सेक्टर अध्यक्ष सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ कल आएंगे बरखेड़ी देव

बैरसिया। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ बुधवार को भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री के पक्ष में बरखेड़ी देव में विशाल जनसभा को संबोधित करने आ रहे है। भाजपा कार्यकर्ता जनसभा की तैयारियों में जुट गए है।

गौरतलब है कि रविवार को बैरसिया के दशहरा मैदान पर जनसभा के दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री की मांग पर बरखेड़ी देव में परिक्रमा पथ विकसित करने की घोषणा की है। बरखेड़ी देव में गुर्जर समाज के आराध्या भगवान देवनारायण का मंदिर है। यहाँ पर पूरे प्रदेश से श्रद्धालु होली और दीपावली की दूज पर मत्था टेकने आते है। इस दिन यहाँ पर विशाल मेले का आयोजन भी किया जाता है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तरावली स्थित माँ हरसिद्ध मंदिर पर हरसिद्धि लोक बनाने की घोषणा भी की है। यहाँ पर पूरे प्रदेश से श्रद्धालु माँ के दर्शन करने आते है। इधर सोमवार को भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने अपने जनसंपर्क की रफ्तार बढ़ा दी है। उन्होने लालघाटी, पारदी, हिनोती सड़क, हर्राखेडा, केशुखेड़ी, कोलूखेड़ी सड़क, सेमरी कलां, चाकखेड़ा, खुकरिया, चपाडिया, विरहा श्यामखेड़ी, बरेलाखेडा, दौलतपुरा, गांगापुरा, बाबड़ीखार, झिरनिया काकड़, कोटरा, कोलूखेड़ी कलां, धनोरा, शुक्ला, नेतापुरा, भमोरा, जंगलियापूरा एवं रामटेक में जनसम्पर्क किया इस दौरान उनका जगह-जगह जमकर स्वागत किया गया। उन्होंने जनता आशीर्वाद मंगा। जनता ने फूल वर्षा कर उनका स्वावत किया।

### मतदान दलों की सामग्री पैकिंग में 2 महीने से जुटे हैं कर्मचारी

## जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर प्लास्टिक के स्थान पर वैकल्पिक सामग्री से हो रही पैकिंग



छतरपुर,। भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार छतरपुर जिले में चुनाव कराये जा रहे हैं। जिले में मतदान 17 नवम्बर 2023 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतदान दलों को मतदान केन्द्र पर लगने वाली आवश्यक सामग्री के साथ 16 नवम्बर को रवाना किया जाएगा। मतदान दलों को लगने वाली जरूरी सामग्री पिछ्ले 2 माह से लगभग 15 कर्मचारी पैकिंग करने में जुटे हुये हैं।

कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने जनपद पंचायत छतरपुर कि जा रही मतदान दलों की सामग्री पैकिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों के कार्य की सराहना की। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान सामग्री पैकिंग में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। इसके स्थान पर वैकल्पिक पैकिंग सामग्री का उपयोग करें। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर मेडीकल किट को प्लास्टिक के स्थान पर वैकल्पिक सामग्री में पैक किया गया। मेडीकल किट प्रत्येक मतदान दलों को उपलब्ध कराई जाएगी। जिसमें सभी आवश्यक दवाईयां टेबलेट, बेंडेज, कॉटन, ओआरएस आदि उपलब्ध रहेंगी।

## परिवार मानकर पांच साल तक सेवा की , आपका आशीर्वाद मेरी हिम्मत बढ़ाएगा:आलोक चतुर्वेदी

### कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा- भाजपा आई तो क्षेत्र में बढ़ेगा भ्रष्टाचार



छतरपुर। छतरपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया ने सोमवार को नगर के अनेक वार्डों में नुक्कड़ बैठकें लेकर जनता को संबोधित करते हुए 17 नवंबर को अधिक से अधिक मतदान करने और कांग्रेस को अपना आशीर्वाद देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों में मैंने छतरपुर विधानसभा को अपना परिवार मानकर इसकी सेवा की है। शासन-प्रशासन से संघर्ष और संवाद कर जहां सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं को बढ़ाने का काम किया तो वहीं निजी सामर्थ्य से भूखे लोगों को भोजन कराने, प्यासे लोगों को पानी पिलाने, गरीब बेटियों की शादी करने, युवाओं के लिए खेल आयोजन करने, बीमार लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाने जैसे काम निरंतर किए हैं। इन 5 वर्षों की सेवा को अन्य प्रत्याशियों के काम के साथ तौलना जरूरी है। आज जो विरोधी प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं, यह लोग 5 वर्ष तक जनसेवा से दूर रहते हैं और चुनाव के समय आपको गुमराह करने निकल आते हैं।

विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा ने जनता को गुमराह करने के लिए कई हथकंडे अपनाए हैं, अपने कुछ एजेंटों को वोट काटने के लिए दूसरे दलों से भी उतारा गया है ताकि वे कांग्रेस का नुकसान कर सकें। यह वही लोग हैं जो हर बार डील करने के बाद अपने आपको जनता के बीच ले आते हैं। विधायक ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी पहले भी इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं लेकिन उन्होंने सेवा का ऐसा कोई काम नहीं किया जिसे उपलिब्ध कहा जा सके। वे सिर्फ क्षेत्र में कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार और घोटालेबाजी को बढ़ाने का काम करती रहीं। आज उनके प्रचार में छतरपुर के कई गुंडे बदमाश जनता को डराने और धमकाने का काम कर रहे हैं लेकिन मेरे क्षेत्र की जनता डरने वाली नहीं है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है, यदि आपके इस सेवक को इस सरकार में काम करने का अवसर मिला तो हम छतरपुर का चहुंमुखी विकास करेंगे। इस मौके पर उन्होंने खेलग्राम में आए क्षेत्र के मौनिया कलाकारों के साथ लोकनृत्य मौनिया का आनंद लेते हुए उन्हें दीपावली की बधाई भी दी।

## ओबेदुल्लागज में बाइकर्स गैंग का आतंक सड़कों पर दिख रहा है.



औबेदुल्लागंज। ये गैंग गाड़ी में लगे हुए साइलेंसर को हटाकर अलग से मोडिफाई साइलेंसर लगा रखे हैं. जिससे तीव्र आवाज निकलती है. इससे शहरवासियों और आने जाने वालो को परेशानी का समाना करना पड़ता है।पुलिस को मिली सफलता, एक मोटरसाइकिल की जप्त कर किया जुर्माना ये लडके मोहल्लों में तो घूमते ही है इसके अलावा मेन रोड पर भी इनका जमावड़ा लगा रहता है. इस तरह के साइलेंसर से गोली या पटाखे जैसी आवाज निकलती है. भीड़-भाड़ वाले इलाकों में फर्राटा भरते हुए ये बाइकर्स निकल जाते हैं. इससे लोगों को परेशानी तो हो ही रही है साथ ही इससे मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन भी होता है. इसी को लेकर ओबेदुल्लागंज पुलिस ने मोडिफाई साइलेंसर मोटरसाइकिल के खिलाफ एक्शन लेना शुरू किया.

बाइकरों में हड़कंप-इसी के तहत नगर के आसपास अभियान चलाकर पुलिस ने ओबेदुल्लागज पुलिस ने 1बाइक को जब्त किया. इससे मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना वसूला जाए गा. इस कार्रवाई से बाकी मॉडिफाई साइलेंसर वाले बाइकरों में हड़कंप

### इनका कहना

मॉडिफाई साइलेंसर वाली बाइक पर इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी

**थाना टीआई संजय चौकसे**

# किसानों को बिजली , सड़क की सुविधा मिलने से परेशानी हल हुई

### आगामी समय में शेष विकास कार्य कराये जाएंगे , भाजपा प्रत्याशी ने किया ग्रामीण अंचलों में जनसंपर्क



इटारसी। जब हम पहली बार विधायक बने थे, न सड़कें थी और ना ही बिजली मिलती थी। बिजली नहीं मिलने से किसानों को खेती करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था, सड़कें नहीं होने से मंडी में अनाज लाने में खासी परेशानी उठानी पड़ती थी। हमने गांवों में रहने वाले किसानों की इस समस्या का नजदीक से महसूस किया और प्राथमिकता से बिजली समस्या का हल कराने सरकार से बिजली के सब स्टेशन स्वीकृत कराये, पूरे विधानसभा क्षेत्र में इतने विद्युत सब स्टेशन हो गये कि अब बिजली की ट्रिपिंग, भार बढने से आने वाले फाल्ट जैसी समस्याएं पूरी तरह से खत्म हो गयीं। सड़कें बनने से अब किसानों की बड़ी परेशानी का हल हो गया है।

यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सीतासरन शर्मा ने आज ग्राम हासलपुर सहित रोहना, डोंगरवाड़ा, रंढाल, बरंडुआ, तालनगरी, पर्रादेह, अंधियारी, खेड़ला, पलासडोह, बड़ोदिया, पालनपुर, नोहर सहित अनेक ग्रामीण अंचलों के अपने दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि सड़कों को बारहमासी बनाया गया है, खेतों के लिए पर्याप्त बिजली की व्यवस्था की गई है, गांव की सड़कों को पक्का किया गया है, गांवों को शहर से जोडने, रेलवे लाइनों को पार करने ओवरब्रिज और अंडर ब्रिज स्वीकृत कराये, कुछ बने और कुछ का काम चल रहा है। गांवों के लोग शहरों की सरकारी अस्पताल में आकर उपचार कराते हैं, अस्पताल भवनों की दशा ठीक नहीं थी, चिकित्सकों की कमी होती थी, इन सबका इंतजाम किया। अब जिला अस्पताल का बड़ा और आधुनिक व्यवस्थाओं वाला भवन बन रहा है, इटारसी में अस्पताल का भवन बनकर तैयार हो चुका है, बच्चों की केयर यूनिट भी लगभग पूर्णता की ओर है। सोनासांवरी रेलवे गेट पर ओवरब्रिज बन रहा है ताकि बिना किसी रुकावट के किसान मंडी में अनाज लेकर समय पर पहुंच सकें।

डॉ. शर्मा ने कहा कि आईटीआई का आधुनिक भवन, ट्रेड बढ़ाने, महाविद्यालयों में अध्ययन के साथ खेल सुविधाएं जुटाने जैसे सैंकड़ों कार्य किये गये। भाजपा सरकार ने बच्चों को सायकिल, स्कूटी, लेपटॉप की व्यवस्था की ताकि बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहें। डॉ. शर्मा ने कहा कि कई कार्य ऐसे हैं जो वर्तमान में चल रहे हैं, ऐसे अनेक कार्य हैं, जो आगामी दिनों में होने हैं। उन्होंने मतदाताओं से 17 नवंबर को होने वाले चुनाव में अपने लिए वोट का अनुरोध करते हुए कहा कि विकास का यह पहिया रुकेगा नहीं बल्कि निरंतर चलेगा और यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है, आगामी समय में जो भी आवश्यकता होगी, किसी भी कारण से उसमें रुकावट नहीं आने दी जाएगी और जनता के अनुकूल विकास के कार्य कराये जाएंगे।

डॉ. शर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार किसानों को सम्मान निधि दे रही है तो मध्यप्रदेश सरकार भी इसमें सहयोग कर रही है तो कि एक निश्चित सम्मान निधि किसानों के खाते में पहुंच सके। इस अवसर पर जनपद पंचायत नर्मदापुरम के अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक पीयूष शर्मा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राहुल सोलंकी, जनपद सदस्य चन्दन साहू, सरपंच माखन कीर, राजेंद्र मीणा, प्रज्वल राजपूत, गोकुल पटेल, मनोज चौरे, विनोद वर्मा, रामेश्वर मीना, कमल सिंह यादव ( मल्लू ), अशोक वर्मा, मांगीलाल यादव, उमेश मीना सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पं. गिरिजाशंकर शर्मा ने कुलामड़ी, पथौड़ी, चंद्रपुरा व इटारसी के इलाकों में किया सघन जनसंपर्क

## कार्यकर्ताओं ने संभाली पं. गिरिजाशंकर शर्मा के प्रचार की कमान , घर-घर पहुंचकर मांग रहे आशीर्वाद



**नर्मदापुरम।** कांग्रेस प्रत्याशी पं. गिरिजाशंकर शर्मा का सतत जनसंपर्क जारी है। जनसंपर्क के दौरान वे घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को कांग्रेस को वोट देकर विजयी बनाने की अपील कर रहे हैं, वहीं जनता भी उनका अभूतपूर्व स्वागत कर उन्हे अपनत्व के भाव के साथ गले लगा रही है। वहीं पं. गिरिजाशंकर शर्मा को विजयीश्री दिलाने उत्साही कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कमान संभाल ली है। प्रदेश सचिव वैभव शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ व युवा कांग्रेसी कार्यकर्ता नर्मदापुरम व इटारसी शहर के प्रत्येक वार्डों व ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर जनसंवाद कर कांग्रेस पार्टी के लिए समर्थन मांग रहे हैं। वहीं महिला कांग्रेस नेत्रियां भी मातृशक्ति व मतदाताओं के बीच पहुंच रही हैं। कार्यकर्ता नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से कमलनाथ के वचन पत्र का वाचन कर जनसंवाद कर कांग्रेस को वोट करने की अपील कर रहे हैं। दीवाली के दूसरे दिन सोमवार सुबह पूजन-अर्चन के बाद पं गिरिजाशंकर शर्मा अपने कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ ग्राम कुलामड़ी, पथोड़ी तथा चंद्रपुरा तथा इटारसी के इलाकों में पहुंचे। जहां ग्रामीणो ने उनका तिलक, साफा, शाल, श्रीफल भेंट कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पं शर्मा ने जनसंवाद करते हुए कहा कि वे इसी मिट्टी से जुड़े हैं, क्षेत्र की समस्याओं से भलि-भाति परिचित हैं। गांव-गांव की गलियों में घूम रहे हैं परंतु भाजपा सरकार का कोई विकास कार्य नही दिख रहा है। जनता अपनी समस्याओं से अवगत करा रही है। पं. गिरिजाशंकर शर्मा ने कहा कि जनता में भाजपा सरकार को लेकर आक्रोश है, यह मतदान के समय दिखाई देगा। किसानों को मंहगाई के दौर में खेती करना परेशानी भरा है, लागत निकालना मुश्किल हो रहा है। सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों को नुकसान हो रहा है। क्षेत्र के किसान कर्ज के जाल में फंसे हैं। पं. गिरिजाशंकर शर्मा ने ग्रामीणों से कहा कि कांग्रेस हर वर्ग के साथ खड़ी है। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कमलनाथ घोषणापत्र में अनेकों योजनाएं लाए हैं। जनसंवाद के दौरान पं. गिरिजाशंकर शर्मा ने कांग्रेस के वचन पत्र के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर किसानों का गेहूं 2600 रू प्रति क्विंटल, महिलाओं को 1500 प्रतिमाह, 500 रू में गैस टंकी, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, 5 हार्सपावर निशुल्क बिजली, जय किसान योजनांर्गत 2 लाख तक का ऋण माफी, किसानों पर झूठे मुकदमे वापस, पढ़ो-पढ़ाओ योजनांर्गत कक्षा 1 से 8वी तक बच्चों को 500 रू प्रतिमाह, 9 से 10वी तक के बच्चों को 1000 रू प्रतिमाह तथा कक्षा 11वी व 12वी के बच्चों को 1500 रू प्रतिमाह देने का काम किया जावेगा। जनसंवाद के दौरान विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को उनके द्वारा सुनकर निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। वहीं मतदाताओं ने कहा कि पं. गिरिजाशंकर शर्मा ने हमेशा से ही क्षेत्र में विकास किया है। वे पूर्व में भी विधायक रहे हैं उनकी छवि एक कर्मठ जुझारू व्यक्ति के रूप में रही है। उनके कार्यकाल में जो विकास कार्य हुए हैं वे आज मील का पत्थर हैं। उनके द्वारा क्षेत्र के विकास में दिए गए योगदान को कोई कैसे भुला सकता है। वहीं इटारसी में कांग्रेस पार्टी के संगठन और वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बैठक में चुनाव प्रचार की आगे की रणनीति बनाई। पं. शर्मा ने कहा कि पिछ्ले चुनाव में कांग्रेस द्वारा जो गलतियां की गईं उनसे सबक लेकर इस बार संगठन में उन गलतियों को दोबारा नही होने देना है। हमें जन-जन तक एकजुटता से पहुंचना है।

वही नर्मदा पुरम में वार्ड 33 में पूर्व पार्षद लोकेश गोगले के नेतृत्व में जनसंपर्क किया गया

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश और प्रदेश के विकास को नई गति दी : शिवराज सिंह

## दीपावली के दिन भी मुख्यमंत्री ने किया पार्टी प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार





मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को प्रदेश भर की एक दर्जन विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार किया। चौहान ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में श्योपुर, पोहरी, विजयपुर, सबलगढ़, जौरा, सुमावली, अटेर, भिण्ड, मेंहगांव, मुरैना, ग्वालियर और भोपाल समेत 13 चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेसी बड़े परेशान हैं, वो कहते हैं कि, ये डेढ़ मुट्ठी का दुबला-पतला मामा कहां से आ गया, ये तो हमारी दाल ही नहीं गलने देता है। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी रोज झूठ बोलते हैं, हर दिन मुझे गाली देते हैं, इनके तो सपनों में भी मामा ही नज़र आता है। कांग्रेस के चक्कर में मत आना ये प्रदेश का सत्यानाश कर देगी।

**दीपावली पर सीएम के 4 महा-संकल्पः** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के चार महासंकल्प बताए। उन्होंने कहा कि, दिवाली के दिन माँ लक्ष्मी को सामानकर शिवराज सिंह चौहान ये संकल्प लेता है कि, आपकी जिंदगी में खुशियां लाकर रहूंगा।

**पहला संकल्पः** लाड़ली बहना के बाद हर बहन को लखपति दीदी बनाना है, लखपति का मतलब हर माह 10 हजार रूपए से ज्यादा की आमदनी, सालाना लाख रूपए से ज्यादा की आय। बहनों को गरीब नहीं रहने देंगे लखपति बनाएंगे।

**दूसरा संकल्प-** किसानों के पसीने की पूरी कीमत देंगे, गेंहू 2700 रूपए क्विंटल खरीदेंगे, धान 3100 रूपए क्विंटल खरीदेंगे और सिंचाई की भी पूरी व्यवस्था करेंगे।

**तीसरा संकल्प-** प्रत्येक परिवार एक रोजगार। हर घर में एक रोजगार देना भाजपा का लक्ष्य है, ताकि कोई घर दुखी ना रहे सभी की आजीविका चलती रहे।

**चौथा संकल्प-** बच्चों के लिए हर 25 से 30 गांव के बीच सीएम राइज स्कूल खोलेंगे। जिसमें लैब,लाईब्रेरी, स्मार्ट क्लास, बस सेवा जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इतना ही नहीं मेधावी बच्चों को लैपटॉप, स्कूटी और उच्च शिक्षा के लिए फीस भी भाजपा सरकार ही भरवाएगी। बच्चों के सपनों को मरने नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंडी गंठबंधन और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि, राहुल गांधी जी आज मध्यप्रदेश आएं हैं और मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि, इंडी गठबंधन ने सनातन का अपमान किया, आप चुप रहे क्या ये आपकी मौन स्वीकृति है..? इंडी गठबंधन ने माताओं-बहनों का अपमान किया, आप मौन रहे, क्या राहुल गांधी जी यह भी आपकी मौन स्वीकृति है..? इंडी गठबंधन ने दलितों का अपमान किया, जीतन राम मांझी जैसे नेताओं के साथ जो व्यवहार किया, राहुल गांधी आप फिर भी चुप रहे, क्या ये भी आपकी मौन स्वीकृति है। चौहान ने कहा कि, राहुल गांधी इधर-उधर की बात करते हैं, वो ये बताएं कि, बरसों तक उनकी पार्टी का शासन रहा, कितने ओबीसी प्रधानमंत्री बने और मध्यप्रदेश में किस ओबीसी को मुख्यमंत्री बनाया। राहुल गांधी जी आपको इन सवालों का जवाब देना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, अहंकारी कांग्रेस और कमलनाथ धमकी दे रहें हैं कि, खबरदार मेरी चक्की बहुत बारीक पीसती है, लेकिन तुम्हारी चक्की में तो कांग्रेस ही पिस रही है कमलनाथ। कमलनाथ सबको धमका रहे हैं कि, देख लूँगा, निपटा दुंगा, बहनों से कांग्रेसी कह रहे हैं कि, तुम्हारे घर के चूल्हे जलना बंद हो जाएंगे, बच्चे भूखे मर जाएंगे। चौहान ने कहा कि, सुन लीजिए कमलनाथ और दिग्विजय, मुझे कुछ भी कह देना कोई फ़र्क नहीं पड़ता, लेकिन मेरी बहन और भांजे-भाजियों की तरफ उंगली उठाई तो छोड़ूँगा नहीं। इतना अहंकार मत करो कमलनाथ ये जनता किसी को छोड़ने वाली नहीं है। चौहान ने कहा कि, इस अहंकारी कांग्रेस को समाप्त करो, घमंड तो रावण और कसं का भी नहीं बचा तो कमलनाथ का घमंड कैसे बचेगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रियंका गांधी के कंस मामा वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि, प्रियंका जी आप क्या जानों मामा क्या होता है। 'जिसके दिल में बेटे-बेटियों के लिए दो माँ का प्यार हो वो मामा कहलाता है और मैं बच्चों का ऐसा ही मामा हूँ। उन्होंने कहा कि, मेरे बच्चों कभी भी चिंता मत करना, मैं सिर्फ तुम्हारे लिए ही हूँ। चौहान ने कहा कि, काँग्रेसियों ने तो एक बार मेरा श्राद्ध भी कर दिया था लेकिन मैं मर भी गया तो राख के ढेर से अपने भांजे-भाँजियों की सेवा के लिए फिर आ जाऊंगा। याद रखना ये झूठी और बेईमान कांग्रेस है ये भ्रम फैलाने वाली कांग्रेस हैं, वैसे तो कांग्रेस आएगी नहीं लेकिन गलती से भी आ गई तो सभी जन-कल्याणकारी योजनाओं पर ताला लगाकर प्रदेश का सत्यानाश कर देगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, किसानों के लिए आज तक जो कुछ भी किया है वो भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार ने किया है, कांग्रेस ने कभी किसानों के हित के लिए कुछ नहीं किया है। कांग्रेस ने कभी सड़क नहीं बनवाई थी और हम खेतों तक सड़क पहुंचा रहें हैं।



# विकास की निरंतरता रखने के लिए भाजपा को फिर से आशीर्वाद दें: नरेंद्र सिंह तोमर

**मुरैना।** चाहे चंबल नदी के अटार घाट पर हाई लेवल ब्रिज निर्माण की बात हो या मुरैना में मेडिकल कॉलेज। अम्बाह में अस्पताल का उन्नयन हो या पोरसा के अस्पताल को बड़ा करने की बात हो। आप सब लोग इस बात के साक्षी है कि यह सब काम भाजपा सरकार ने किये है। कांग्रेस 50 साल से सत्ता में रही लेकिन न प्रदेश में और न इस क्षेत्र में कोई विकास का काम किया। भाजपा ने जो विकास किया है वह बिजली, पानी, सड़क, स्टॉप डेम के रूप में आप सबको दिखाई देता है। मुरैना जिले में भारतीय जनता पार्टी को हमेशा जनता का आशीर्वाद मिला है। 2003 से आज तक मुरैना जिले में विकास के काम हो रहे है, वह आगे भी निरंतर जारी रहें इसके लिए भाजपा को फिर से आशीर्वाद दें। यह बात केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने सोमवार को मुरैना जिले की विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं और रथसभाओं के दौरान मतदाताओं को सम्बोधित करते हुए कही। श्री तोमर ने सोमवार को पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन ने मुरैना जिले के अमिल्हेडा, रूथावली, विण्डवा, विजयगढ़, महुआ, गाड़िया, नगरा मोड़, रजौधा, कोथर, पोरसा, ग्राम जाटई और ग्राम सेंथरा अहीर में मतदाताओं को रथ सभा के माध्यम से सम्बोधित करते हुए पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि 2003 के पहले मध्यप्रदेश को कांग्रेस ने बीमारू राज्य बना रखा था। कांग्रेस का विकास से कोई नाता नहीं रहा। 2003 के बाद जब प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो मध्यप्रदेश विकास की और अग्रसर हुआ। मैं आज गर्व के साथ कह सकता हूं कि कांग्रेस के 15 महीनों को छोड़ दे तो बीते 18 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश को विकसित राज्य बना दिया है। उन्होंने कहा कि आपके अंबाह क्षेत्र का विकास श्री कमलेश जाटव ने किया है, अम्बाह विधानसभा के कायाकल्प की अनवरत श्रृंखला को बनाये रखने के लिए 17 नवम्बर को कमल के फूल का बटन दबाएं और लोगों को भी प्रेरित करें। भाजपा के प्रत्याशी श्री कमलेश जाटव को भारी मतों से जीताकर अपना आशीर्वाद दें।

तोमर ने कहा कि मोदी सरकार ने कोरोनाकाल के दौरान हर वर्ग की चिंता करते हुए देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न जन-जन को उपलब्ध कराया गया और अब प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत सभी गरीब परिवार को मुफ्त राशन के साथ रियायती दर पर दाल, सरसों का तेल एवं चीनी उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का कोई भी परिवार बेघर नहीं रहेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना शुरू करेंगे। अब लाड़ली बहनों को मासिक आर्थिक सहायता के साथ आवास भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ ही सबका प्रयास के मंत्र पर कार्य कर रही है।

तोमर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के कल्याण को लेकर हमेशा प्रतिबद्ध रही है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान कल्याण निधि के माध्यम से 6 हजार और प्रदेश सरकार भी मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत किसानों को 6 हजार रुपये प्रतिवर्ष दे रही है। इस तरह कुल मिलाकर प्रदेश के किसानों को 12 हजार रूपये सालाना सम्मान निधि के रूप में मिल रहे है।

## एम्स के शिशु रोग विभाग का स्थापना दिवस कल

**भोपाल।** एम्स का शिशु रोग विभाग कल बाल दिवस के अवसर पर अपना स्थापना दिवस समारोह मनाएगा। इस अवसर पर संस्थान के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि अतिथि वक्ता के रूप में गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल की प्रोफेसर एमेरिटस डॉक्टर शीला भांबल मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में शिशु रोग इलाज की यात्रा पर अपना व्याख्यान देंगी। इस अवसर पर शिशु रोग विभाग के इंटेंसिव केयर यूनिट परिसर में शिशुओं के लिए डायलिसिस इकाई का भी उद्घाटन किया जाएगा। इस डायलिसिस यूनिट के शुरू हो जाने से एम्स भोपाल में बच्चों के लिए यह सुविधा विशेष रूप से उपलब्ध रहेगी।

## भाजपा के दिग्गज बांटेंगे मतदान पर्ची

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर तक चुनाव प्रचार में जुटी हुई है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओ के साथ कार्यकर्ता बूथ तक मतदाताओं से डोर -टू- डोर सम्पर्क और संवाद कर रहे हैं। बूथ सशक्तिकरण अभियान के प्रभारी और भाजपा के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने बताया कि लोकतंत्र में महायज्ञ चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व और कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से जुटा हुआ है। शत प्रतिशत मतदान हो और हर मतदाता लोकतंत्र के इस महायज्ञ में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें इसके लिए भारतीय जनता पार्टी परंपरानुसार पर्ची वितरण अभियान में जुटी हुई है। 14 नवम्बर को प्रातः 10 बजे पूरे प्रदेश में एक साथ मतदाता पर्ची वितरण का महाअभियान में पार्टी के दिग्गज नेता शामिल होंगे। इस अभियान के अंतर्गत पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, प्रदेश चुनाव प्रभारी, मुख्यमंत्री, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक, प्रदेश अध्यक्ष, चुनाव सह प्रभारी, केंद्रीय मंत्रीगण और पार्टी के वरिष्ठ नेतागण सहित सभी कार्यकर्ता घर-घर मतदाता पर्ची वितरण कर मतदान की अपील करेंगे। रजनीश अग्रवाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश जी बैरसिया विधानसभा के बूथ क्र. 241 मुगालिया हाट, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान सुवासरा विधानसभा के वार्ड क्र. 8 स्थित मतदान केन्द्र 269, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव भोपाल की दक्षिण पश्चिम विधानसभा के बूथ क्र. 63 शास्त्री नगर, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा खण्डवा के हरिगंज बूथ पर मतदाता पर्ची बांटेंगे।

# राजनाथ, गडकरी सहित कई भाजपा के वरिष्ठ नेता आज प्रदेश में

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी का वरिष्ठ नेतृत्व 14 नवंबर को प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रवास पर रहेंगे। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह रतलाम व हरदा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी छिंदवाड़ा व बालाघाट, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, रायसेन, विदिशा एवं भोपाल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रीवा, छतरपुर, भिण्ड और ग्वालियर, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबधंन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना, श्योपुर व ग्वालियर, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भिण्ड, शिवपुरी, गुना व अशोकनगर, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य छतरपुर, निवाडी, शिवपुरी, ग्वालियर, उत्तर प्रदेष के मंत्री नंदगोपाल नंदी सतना, और सांसद मनोज तिवारी सिंगरौली की विभिन्न विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे।

- केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह 14 नवंबर को प्रातः 11.30 बजे रतलाम की जावरा विधानसभा एवं दोपहर 2 बजे नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा में जनसभा, 3.10 बजे हरदा में जनसभा को संबोधित करेंगे। - केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 14 नवंबर को प्रातः 11.30 बजे छिंदवाडा की परासिया विधानसभा, दोपहर 1 बजे बालाघाट की वारासिवनी विधानसभा एवं दोपहर 3 बजे छिंदवाड़ा की सौंसर विधानसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 14 नवंबर को प्रातः 9.55 बजे मंदसौर जिले की सुवासरा विधानसभा, प्रातः 10.50 बजे मंदसौर के दलोदा, प्रातः 11.40 बजे रतलाम जिले की सैलाना विधानसभा, दोपहर 12.30 बजे उज्जैन जिले की बडनगर विधानसभा, दोपहर 1.15 बजे उज्जैन दक्षिण विधानसभा के पुलिस लाइन, दोपहर 2.10 बजे घटिया विधानसभा के पानविहार, दोपहर 3.45 बजे रायसेन जिले की उदयपुरा विधानसभा के बरेली, शाम 5 बजे विदिशा जिले की शमशाबाद विधानसभा, शाम 6.15 बजे बासोदा, शाम 7.30 बजे विदिशा, और रात्रि 9.10 बजे भोपाल की नरेला विधानसभा के अशोका गार्डन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 14 नवंबर को प्रातः 11.50 बजे रीवा जिले की सेमरिया विधानसभा के सेमरिया मार्केट, दोपहर 1.40 बजे छतरपुर जिले की राजनगर विधानसभा के लवकुश नगर, दोपहर 3.35 बजे भिण्ड के एसएएफ मैदान में अटेर और भिण्ड विधानसभा की संयुक्त जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम 5 बजे ग्वालियर के फूलबाग मैदान में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबधंन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर 14 नवंबर को प्रातः 11.30 बजे सबलगढ़ विधानसभा के बंटेश्वरा में जनसभा, दोपहर 12.30 बजे श्योपुर की विजयपुर विधानसभा में रोड-शो, दोपहर 1.45 बजे ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा के हीरानगर में आमसभा, दोपहर 3 बजे दिमनी विधानसभा के तरेनी में आमसभा एवं सायं 4.16 दिमनी विधानसभा के लहर में आमसभा को संबोधित करेंगे।

-भारतीय जनता पार्टी के प्रदेष अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा प्रात:10.30 बजे खण्डवा के सराफा बाम्बे बाजार में जनसम्पर्क करेंगे। प्रात 11.30 बजे हरीगंज बूथ पर पर्ची वितरण करेंगे। दोपहर 1.45 इंदौर जिले के महू विधानसभा के उत्तम गार्डन में कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। शाम 3.45 इंदौर पहुचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

- केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 14 नवंबर को प्रातः 11.20 बजे भिण्ड विधानसभा में, दोपहर 12.25 बजे भिण्ड की लहार विधानसभा में, दोपहर 2.05 बजे शिवपुरी की पोहरी विधानसभा में, दोपहर 3.40 बजे गुना की राघौगढ़ विधानसभा में शाम 4.55 बजे अशोकनगर की चंदेरी विधानसभा के स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 14 नवंबर को प्रातः 11 बजे छतरपुर जिले के महाराजपुर विधानसभा, दोपहर 12.30 निवाडी विधानसभा, शाम 4 बजे ग्वालियर जिले की ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा के वेरजा में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

उत्तर प्रदेष के मंत्री नंदगोपाल नंदी 14 नवंबर को प्रात:10 बजे सतना जिले के विरिसंहपुर, दोपहर 12 बजे नागौद,दोपहर 2.30 बजे मैहर, शाम 4.30 बजे रामनगर और साम 6.30 बजे सतना विधानसभा में बैठक को सम्बोधित करेंगे।

सांसद मनोज तिवारी 14 नवंबर को दोपहर 1 बजे सिंगरौली की देवसर विधानसभा के ग्राम बरगवां में आमसभा, दोपहर 3 बजे चितरंगी विधानसभा के खरकटा गौरवी मंडल में जनसभा एवं शाम 4.45 बजे सिंगरौली विधानसभा के ग्राम जयंत में आम सभा को संबोधित करेंगे।

# भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने बागली विधानसभा के पुंजापुरा में की जनसभा





**देवास ।** ये चुनाव दो पार्टियों का नहीं है, ये चुनाव आने वाली पीढ़ी और मध्यप्रदेश का भविष्य तय करेगा। कांग्रेस बिना इंजन की सरकार है और भाजपा के पास डबल इंजन है। डबल इंजन की सरकार में विकास की रफ्तार जारी है। विकास की इस गति को रुकने नहीं देना है।

मध्यप्रदेश अब बीमारू नहीं विकसित प्रदेशों की श्रेणी में गिना जाता है। यह बात भाजपा के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने देवास जिले के बागली विधानसभा के पुंजापुरा में भाजपा प्रत्याशी मुरली भंवरा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। विजयवर्गीय ने कहा कि 17 नवंबर को बड़ी संख्या में मदतान करके भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताकर विधानसभा भेजना है,ताकि क्षेत्र का विकास हो सके. विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेसी कहते हैं, हमारी मोहब्बत की दुकान है, तो याद रखना उनकी मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान भी है। विजयवर्गीय ने दिग्विजय सिंह की सरकार का समय याद दिलाया और कहा कि 2003 के पहले मध्यप्रदेश में बिजली, पानी, अच्छी सडकें नहीं थीं। भारतीय जनता पार्टी के नेता कहते थे की मंदिर हम बनाएंगे दिग्विजय सिंह कहते थे कि तारीख कब बताओगे। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान राम जी की प्राण प्रतिष्ठा होगी। विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 चुनाव के दौरान कर्जा माफ करने का वादा किया था, लेकिन नहीं किया। किसानों को प्रदेश मे डिफाल्टर बना दिया। अगर भाजपा वापस सरकार नहीं बनती तो किसानों का 2500 करोड़ रुपए ब्याज का माफ नहीं होता। विजयवर्गीय ने कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी नहला है तो कमल का फूल उस पर दहला है।

## कांग्रेस ने प्रदेश में किसानों का कर्जा माफ नहीं किया

### कांग्रेस में किस्सा कुर्सी का और भाजपा में विकास और प्रगति का

विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी प्रधान सेवक और प्रधान रक्षक है। हमारी केंद्र की सरकार ने आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसानों को सम्मान निधि अनेकों योजनाएं आमजन के हित में धरातल पर चल रही हैं। देवास इलाके में पूरे क्षेत्र को मां नर्मदा का सिंचाई और पीने का पानी की उपलब्धता करवाई गई। क्षेत्र में सीएम राइस स्कूल बनवाया गया। विद्युतीकरण के नए स्रोत स्थापित कि गए हैं.। ऐसी मूलभूत अनेकों योजनाएं इस बागली विधानसभा में संपन्न हुई है।

कार्यक्रम में पार्टी जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, विधानसभा संयोजक महेश दुबे, जिला महामंत्री प्रोपेन सिंह बग्गा, जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## योगी आदित्यनाथ जनसभा को करेंगे संबोधित



छिंदवाड़ा। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रियवर सिंह ने बताया कि 15 नवंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का छिंदवाड़ा आगमन होगा। योगी आदित्यनाथ 15 नवंबर को दोपहर 2:30 पर छिंदवाड़ा पहुंचेंगे। योगी आदित्यनाथ छिंदवाड़ा पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के पक्ष में स्थानीय पोला ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रियवर सिंह ने अधिक से अधिक संख्या में समस्त जनता, कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों से जनसभा में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

### 24 घंटे संचालित है निर्वाचन कंट्रोल रूम मतदाता प्राप्त कर सकते निर्वाचन की जानकारी

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में विधानसभा निर्वाचन 2023 को सुचारू रूप से संपन्न कराये जाने के लिये ई-दक्ष केन्द्र में जिला स्तरीय निर्वाचन कंट्रोल रूम को स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम 24ङ्ग7 चालू है जिसका टेलीफोन नंबर 07162-243421 है । जिला स्तर पर कार्यरत कंट्रोल रूम के लैंडलाइन नंबर द्वारा जिले के 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाता भी मतदान संबधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क कर सकते हैं । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पुष्प ने बताया कि इस जिला स्तरीय निर्वाचन कंट्रोल रूम में 6 कर्मचारियों की 3 शिफ्टों में ड्यूटी लगाई गई है।प्रत्येक शिफ्ट में2 कर्मचारियों की 8-8 घंटे के लिये ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार विधानसभा स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित किये गये हैं ।

### 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज से मतदाता कर सकेंगे मतदान



छिन्दवाड़ा। आगामी 17 नवम्बर 2023 को मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र नहीं होने की दशा में ई-मतदाता परिचय पत्र आयोग की बेबसाईट से डाउनलोड किया जाकर मतदान किये जाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त 12 प्रकार के वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से भी मतदाता अपने मत का उपयोग कर सकते हैं। जिले में मतदाता की सुविधा और आदर्श मतदान के लिये विधानसभावार पीडब्ल्यूडी मतदान केन्द्र, यूथ मतदान केन्द्र व पिंक मतदान केन्द्र बनाये गये हैं जिसमें सभी वर्गों को समाहित करने का प्रयास किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज पुष्प द्वारा इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि संबंधित मतदान केन्द्रों का विस्तृत प्रचार-प्रसार करने के साथ ही मतदाता को मतदान के लिये उपयोगी दस्तावेजों से अवगत कराने के लिये विशेष अभियान चलायें जिससे मतदान के प्रतिशत मे वृद्धि हो सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 17 नवंबर को मतदान करने के संबंध में मतदाता की पहचान के लिये मतदाता परिचय पत्र और ई-मतदाता परिचय पत्र के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक/पोस्ट ऑफिस की फोटो सहित पासबुक, श्रम मंत्रालय के अंतर्गत जारी हेल्थ इंश्योरेंस स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, पेन कार्ड एन.पी.आर.के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ सहित पेंशन दस्तावेज, केन्द्र शासन, राज्य शासन, पीएसयूस और पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा जारी फोटोग्राफ सहित सर्विस पहचान कार्ड, एमपी, एमएलए व एमएलसी द्वारा जारी ऑफिशियल आईडेंटिटी कार्ड और भारत शासन के सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडेंटिटी कार्ड निर्धारित किये गये हैं ।

# भाजपा के भ्रष्टाचार ने भगवान और भक्त दोनों को नहीं छोड़ाः नकुलनाथ

## मध्यप्रदेश की पहचान घोटालों से हो रही



छिन्दवाड़ा। देश का हृदय प्रदेश कहे जाने वाले हमारे मध्यप्रदेश की पहचान अब घपलों और घोटालों से हो रही है। भाजपा ने ऐसी कोई योजना और परियोजना नहीं छोड़ी जिसमें भ्रष्टाचार ना किया हो, घोटाले न हुये हों। युवाओं का भविष्य बर्बाद करने से लेकर किसानों को आत्महत्या के लिये उत्प्रेरित करने की जिम्मेदार भी प्रदेश की भाजपा सरकार है। विकास के पथ पर बढ़ते हुये हमारे छिन्दवाड़ा जिले को रोकने वाली भी भाजपा है, यह बात आप सभी को याद रखना है और इसका बदला भी 17 नवम्बर को पंजे की बटन दबाकर लेना है।

चौरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खिरकी व चांद नगर सहित अन्य आयोजित विशाल जनसभाओं को सम्बोधित करते हुये सांसद नकुलनाथ ने कहा कि भाजपा के भ्रष्टाचार ने भगवान और भक्त किसी को नहीं छोड़ा। उज्जैन महाकाल लोक निर्माण में भी भाजपा ने 50 प्रतिशत कमीशन नहीं छोड़ा यही नहीं मां नर्मदा से रेत का उत्खन्न कर खोखला कर दिया। सांसद श्री नाथ ने कहा कि अब भक्तों की बात करें तो पटवारी भर्ती घोटाला, नर्सिंग घोटाला, पुलिस आरक्षक भर्ती घोटाला, परिवहन विभाग में भर्ती घोटाला सहित 256 घोटाले हैं जिनमें भाजपा ने भगवान के भक्तों को भी नहीं छोड़ा। भाजपा ने 18 साल में प्रदेश को अपराध, महिला अपराध, किसान आत्महत्या और आदिवासी अपराध में नम्बर एक बनाने काम तो किया ही है साथ ही भरपूर महंगाई भी दी है जिससे आज प्रदेश और जिले का हर वर्ग जूझ रहा है। सांसद श्री नाथ ने अपने उदबोधन में कहा कि शिवराज सिंह चौहान की लाड़ली बहना योजना एक हाथ से देकर दूसरे हाथ से वसूलने वाली योजना है। मेरी प्रत्येक मातायें-बहनें आज भी महंगे दामों पर रसोई गैस सिलेण्डर खरीद रही है, रसोई की प्रत्येक सामग्री महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर है तो फिर मामा की दी हुई राशि का क्या फायदा मिल रहा है, जबकि दिसम्बर माह से कमलनाथ 15 सौ रुपये के साथ ही पांच सौ रुपयों में सभी को रसोई गैस देंगे और बहनों की राशि सुरक्षित उनकी बच होगी।सांसद नकुलनाथ ने अपने उदबोधन में उपस्थित असंख्य जनसमुदाय को दीपावली और गोवर्धन पूजन की हार्दिक शुभकामनायें देते हुये कहा कि चौरई विधानसभा सीट से वर्तमान के विधायक सुजीत चौधरी है जो आपके प्यार और आशीर्वाद से भविष्य के विधायक भी है। उन्होंने उपस्थित अपार जनसमूह को सम्बोधित करते हुये विधायक प्रत्याशी श्री चौधरी के लिये सहयोग मांगते हुये कहा कि आप सभी भाई, बहन, माता, चाचा व चाची सहित अन्य रिश्तों के माध्यम से सहयोग करें, मामा बनकर बिल्कुल भी सहयोग ना करें, क्योंकि मामा के साथ से प्रदेश और जिले का हर वर्ग त्रस्त है और अब तो उनकी विदाई का समय भी 17 नवम्बर आप सभी ने मिलकर तय कर दिया है। अपने उदबोधन के अंत में सांसद श्री नाथ ने कहा कि आप सभी का अमूल्य वोट श्री कमलनाथ जी को पुनः मुख्यमंत्री बनाने जा रहा है, इसीलिये 17 नवम्बर को पंजे की बटन दबाकर विधायक सुजीत चौधरी को चुनें आपका यह वोट कमलनाथ को मुख्यमंत्री चुनेगा।

# 10 से 18 फरवरी तक आयोध्या में आयोजित महायज्ञ में भाग लेगा रघुवंशी समाज



छिंदवाड़ा/चान्द। जिले की आस्था का केन्द्र श्रीराम जानकी मन्दिर कनकधाम के संस्थापक परम पूज्य रघुवंश संत शिरोमणि साकेतवासी श्री श्री 1008 श्री महंत महामंडलेश्वर यज्ञ सम्राट श्री कनकबिहारी दास जी महाराज द्वारा संकल्पित श्रीधाम अयोध्या जी में 10 से 18 फरवरी 2024 में आयोजित होगा। श्री 2121 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ की व्यवस्थाओं को लेकर समाजजनों की एक वृहद बैठक का आयोजन आज महाराज श्री के मुख्य आश्रम कनकधाम लोनी कला में किया गया बैठक की जानकारी देते हुए शिक्षक जीवनसिंह रघुवंशी चाँद ने बताया कि महायज्ञ की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई तथा इन योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए 21 सदस्यीय जिला स्तरीय यज्ञ संचालन समिति का गठन भी किया गया । बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने सुझाव रखे एवं इस महाआयोजन में तन मन धन से सहयोग देकर इसे सफल बनाने का संकल्प लिया ज्ञात हो की अयोध्या मे यज्ञ मंडप निर्माण बड़ी छावनी परिक्रमा पथ पर 65 यकड़ भूमि होटल व आश्रमो मे यजमनो को 9 दिवसीय आवास हेतु, 695 रूम समिति द्वारा बुक किये जा चुके है। महायज्ञ हेतु लकडी की व्यवस्था उत्तरप्रदेश रघुवंशी (सूर्यवंश )समाज द्वारा की जा रही है बैठक में मुख्य रूप से यज्ञ के प्रमुख यजमान कोलारस विधायक वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी, अर्जुन सिंह रघुवंशी गुना, संतोष सिंह रघुवंशी जबलपुर छिंदवाड़ा जिले से समिति के ठाकुर दान सिंह, मुनिराज सिंह , जगत सिंह , रामेसिंह , चक्रपाल सिंह , राजकुमार सिंह ,अंगद सिंह, वेदसिंह, रामेश्वर सिंह, जीवन सिंह, डॉ . रामनरेश रघुवंशी, संतराम सिंह , श्रीमति विन्दुमति रघुवंशी,हिकमत सिंह जी, मोहन सिंह,निरपत सिंह, रेवाराम रघुवंशी, धनराज रघुवंशी,भरत रघुवंशी, तीरथ रघुवंशी, उमेश रघुवंशी, नीरज रघुवंशी,संदीप रघुवंशी, गोविंदराम रघुवंशी, राधेश्याम रघुवंशी, लल्लू रघुवंशी, श्रीपाल रघुवंशी, राजेन्द्र रघुवंशी,पवन रघुवंशी,भगतराम चौधरी,मोनू रघुवंशी और क्षेत्र के सभी सामाजिक बन्धु उपस्थित रहे। गुरुदेव के उत्तराधिकार महंत श्यामदासजी अधिकारी लखनदास संरक्षक पटेल बाबा एवं मन्दिर समिति के मार्गदर्शन मे यह महायज्ञ का आयोजन राम के वंशज रघुवंशी रघुवंशी समाज द्वारा पूज्य त्यागी गुरुदेव कनकबिहारी दास के रामलला के मन्दिर में आरोहंन के उपलक्ष्य मे अयोध्या धाम में किया जा रहा है।

# भाजपा सरकार किसानों से गेहूं 27 सौ और धान 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल देगी



छिंदवाड़ा। भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू द्वारा विधानसभा के ग्राम टेकाथांवरी, चौसरा, मेड़कीताल, कसारढाना, मडकाढाना, धनौरा गोसाई, उमरिया ईसरा, खुटिया. में जनसंपर्क किया गया। ग्राम वासियों ने भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू का फूल मालाओं और आतिशबाजी से स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने जनसंपर्क के दौरान ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहा कि, भाजपा ने संकल्प पत्र में ये संकल्पित किया है कि भाजपा सरकार आने पर किसानों से गेहूं 27 सौ और धान 31 सौ रुपए क्विंटल देगी। साहू ने कहा कि भाजपा सरकार जो घोषणा करती है उसे उसी कार्यकाल में पूरा भी करती है। भाजपा सरकार जिस योजना का भूमि पूजन करती है उस योजना का लोकार्पण भी उसी कार्यकाल में करती है। साहू ने कहा कि ये भाजपा की घोषणा नहीं संकल्प है। साहू ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को किसान सम्मान निधि से सम्मानित कर रही है ताकि अन्नदाताओं को जरूरत के वक्त किसी के सामने हाथ ना फैलाना पड़े। भाजपा सरकार ने इसी उद्देश्य से लाडली बहना योजना लागू की है ताकि हमारी बहनों को भी जरूरत में किसी के सामने हाथ ना फैलाना पड़े। हमारी बहने सशक्त बने और वे परिवार को सक्षम और समृद्ध बना सकें।

# टेंट हाउस में ताला तोड़ चोरों ने लगाई हजारों की चपत



छिंदवाड़ा। दीपावली पर्व लोग धूमधाम से मनाने में लगे हुए थे इधर चोरों ने भारत टेंट हाउस की थोक दुकान में हाथ सफाई कर दी और हजारों रूपयों की चपत लगा दी। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। जिला उद्योग केन्द्र के पीछे भारत टेंट हाउस है जहां डेकोरेशन की थोक सामग्री की दुकान हैं संचालक दीपावली के दिन सामग्री बेचने के बाद पूजा पाठ करने घर चले गए थे जब सुबह दुकान पहुंचे तो दरवाजे का ताला खुला देखा गया। और काउंटर में रखे हजारों रूप्ए गायब पाए गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरी दुकान सहित आसपास के क्षेत्र का मुआयना किया इसके बाद सीसीटीवी खंगाला जिसमें दो अज्ञात लोग चोरी करते हुए दिख रहे हैं। चेहरा ढका हुआ था। फिलहाल संचालक की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### युवक ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

सौंसर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रोहना गांव में एक परिवार में मातम पसर गया उनकी खुशियां गम में बदल गई घर के युवक की जहर के सेवन करने से इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम मामला जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार भाउराव पिता जंगी सोसकर बीजागोरा का रहने वाला है दीपावली के दिन घर में पर्व मनाने की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान भाउराव खेत तरफ घूमने चला गया और अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर लिया और बेहोशी की हालत में पड़ा रहा जब वह काफी देर तक नहीं आया तो परिजन खेत पहुंचे और बेटे पर नजर पड़ी तो दंग रह गए उसके मुंह से फेस निकल रहा था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# महिला मतदाताओं में अलख जागने निकली प्रिया नकुलनाथ

## कोयलांचल क्षेत्र में किया सघन जनसम्पर्क



छिन्दवाड़ा। जिले व प्रदेश की प्रत्येक मातृशक्ति आत्मनिर्भर होने के साथ ही अपने परिवार को आर्थिक रूप से सम्पन्न भी करेंगी, क्योंकि जल्द ही प्रदेश में आप सभी की सरकार यानी कांग्रेस की सरकार और मुख्यमंत्री कमलनाथ बनने जा रहे हैं। महिला मतदाताओं में अलख जागते हुये उक्त उदगार श्रीमती प्रिया नकुलनाथ ने व्यक्त किये। चांदामेटा, दमुआ, बड़कुही व जामई में अपने सघन जनसम्पर्क के दौरान श्रीमती प्रियानाथ ने कहा कि कमलनाथ के मुख्यमंत्री बनते ही मातृशक्ति को पंद्रह सौ रुपये प्रतिमाह प्राप्त होंगे साथ ही पांच सौ रुपयों में रसोई गैस सिलेण्डर भी मिलेगा। महिलायें स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें इसके लिये सस्ती ब्याज दरों व सुलभ तरीके से लोन उपलब्ध कराया जायेगा, इस प्रकार हमारी मातायें व बहनें आत्मनिर्भर होने के साथ ही परिवार को भी आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम करेंगी। श्रीमती प्रियानाथ ने उपस्थित मातृशक्ति से आग्रह किया कि 17 नवम्बर को सभी मातायें बहनें पंजे की बटन दबाकर विधायक प्रत्याशियों को विजयी बनायें साथ ही कमलनाथ के हाथों को मजबूती प्रदान करें।

# विशेष सशस्त्र बल आठवीं बटालियन के जवानों द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से किया मतदान



छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज पुष्प के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिन शासकीय सेवकों व अति आवश्यक सेवा वाले मतदाताओं को निर्वाचन कार्य के लिये नियोजित किया गया है और उनके द्वारा डाक मतपत्र के लिये प्रारूप- 12 व प्रारूप- 12 घ में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, उनके द्वारा 8 से 11 नवम्बर 2023 तक संबंधित विधानसभा के प्रशिक्षण स्थल में फैसिलिटेशन सेन्टर मे मतदान किया गया है। जो मतदाता इन तिथियों में मतदान नहीं कर पाये हैं, उनके लिये 13 से 15 नवम्बर 2023 तक डाक मतपत्र मतदान केन्द्र की सुविधा प्रदान की गई है जिसका लाभ संबंधित मतदाता ले सकते हैं ।संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस सिध्दार्थ पटेल ने बताया कि डाक मतपत्र मतदान केन्द्र की सुविधा के अंतर्गत निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न विशेष सशस्त्र बल आठवीं बटालियन के जवानों द्वारा शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दवाड़ा में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया गया। उन्होंने बताया कि डाक मतपत्र मतदान केन्द्र की सुविधा के अंतर्गत अन्य जिले के मतदाता जो छिन्दवाडा जिले में पदस्थ हैं और ऐसे सभी मतदाता जिनके डाक मतपत्र उनके जिले से प्राप्त हुये हैं, वे सभी शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दवाड़ा में 15 नवम्बर 2023 तक प्रातः 8 से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं । छिन्दवाडा जिले के निर्वाचन में नियोजित शासकीय सेवक भी शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दवाडा में 15 नवम्बर 2023 तक प्रातः 8 से शाम 5 बजे तक अथवा वह जिस विधानसभा के पंजीकृत मतदाता है, वहाँ के कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी में बनाये गये फैसिलिटेशन सेन्टर में प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकते है । इसी प्रकार छिन्दवाडा विधानसभा के सभी मतदाता शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दवाडा में मतदान कर सकेंगे ।

## भाजपा प्रत्याशी लखन वर्मा ने चौरई में किया जनसम्पर्क



**चौरई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्यासी लखन वर्मा ने चौरई नगर प्रचार के दौरान नगर की माताओ, बहनो, वरिष्ठो, बुजुर्गो से जीत का आशीर्वाद लिया एवं दीपावली की शुभकामनायें दी साथ ही अपनी सरकार की उपलब्धिया गिनाई व सभी वर्ग के लोगो को विश्वास दिलाया की भारतीय जनता पार्टी की सरकार उनके साथ है सभी के निरन्तर विकास कार्य भारतीय जनता पार्टी करती आई है ओर करते रहेगी!

# कांग्रेस प्रत्याशी सुजीत चौधरी ने चौरई में किया जनसम्पर्क



**चौरई।** रविवार को दीपावली के दिन भी कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी सुजीतसिंह द्वारा ग्रामीण अंचलों डुंगरिया, खैरीखुर्द, खैरीटोला, मोहगांव, फुटेरा, हरदौली, हरदुआ, सिताझिर, औरिया, श्यामटोला, हिर्री, सांख आआदि में सघन जनसंपर्क किया गया उनके द्वारा मतदाताओं को दीपावली की बधाई देते क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिले, क्षेत्र एवं प्रदेश के विकास के लिये पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी को मुख्यमंत्री बनाने हेतू क्षेत्र में कांग्रेस को भारी मतों से जिताने की अपील की। श्री चौधरी ने कहा कि मध्यप्रदेश में कमलनाथ जी की सरकार के बनते ही हर वर्ग के विकास के लिये कांग्रेस के वचन पत्र के हर वचन को पूरा किया जायेगा। पूरे प्रदेश में 18 साल के भाजपा सरकार के शासन में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के साथ किसान, गरीब व आमजन लगातार परेशान है व भाजपा सरकार के खिलाफ लोगों में परिवर्तन की लहर है व कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाने के लिये 17 नवंबर का इंतजार कर रहे है।

### कमलनाथ आज आयेंगे

छिंदवाड़ा। अपने पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार सांसद श्री नकुलनाथ का प्रातः 10 .30 बजे सौंसर विधानसभा क्षेत्र के मोहखेड़ ब्लॉक के अन्तर्गत आने वाले ग्राम हिवरावासुदेव में आगमन होगा जहां वे आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे तदोपरांत प्रातः 11.30 बजे उनका सौंसर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिपला नारायणवार में आगमन होगा एवं आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होने के उपरांत सांसद श्री नाथ का शिकारपुर आगमन होगा, तत्पश्चात वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

# जैन समाज ने मनाया तीर्थंकर महावीर का 2550 वां निर्वाण महोत्सव

## श्री आदिनाथ जिनालय में हुआ पूजन विधान-श्रावकगणों ने चढ़ाया निर्वाण लाडू



**छिंदवाड़ा।** कार्तिक कृष्ण अमावस्या सोमवार के शुभ दिन मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व की सकल जैन समाज ने अहिंसा के प्रणेता एवं जियो और जीने दो के उदघोषक वर्तमान शासन नायक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान का 2550 वां निर्वाण महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनाकर जिनशासन की मंगल प्रभावना की।सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन ने बताया कि मंगलमय प्रसंग पर नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ जिनालय में मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन, प्रियकारणी मंडल एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला के जिनशासन सेवकों ने तीन दिवसीय आयोजन कर 2550 वें निर्वाण महोत्सव को यादगार बना दिया।

### पूजन विधान कर निर्वाण लाडू चढ़ाया

कार्तिक कृष्ण अमावस्या के शुभ दिन प्रातः काल की मंगल बेला पर बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने सामूहिक रूप से श्री देव – शास्त्र – गुरु भग्वंतों के साथ श्री महावीर पूजन, गौतम स्वामी पूजन कर महावीर पंचकल्याणक विधान में हिस्सा लिया और निर्वाण काण्ड का पाठ कर मोक्ष कल्याणक का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया।

### विविध साहित्यिक कायर्कम हुए

तीन दिवसीय अनुष्ठान में साहित्यिक कार्यक्रमों के अंतर्गत सर्वोदय अहिंसा पर चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, अहिंसा रैली सहित निर्वाण लाडू सजाओं प्रतियोगिता का सुंदर आयोजन किया गया जिसकी सकल समाज ने सराहना कर सफल आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद दिया।

### जिनालयों की करी सामूहिक वंदना

2550 वें निर्वाण महोत्सव की खुशी में मंडल एवं फेडरेशन के सदस्यों ने मंगलगान करते हुए नगर के समस्त दिगम्बर जिनालयों सहित चैत्यालयों की वन्दना कर निर्वाण चढ़ाया और सभी को श्री वीर प्रभु के 2550 वें निर्वाण महोत्सव एवं गौतम स्वामी के केवलज्ञान की मंगलकारी शुभकामनाएं दीं।

प्रारुप C-1

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम अन्य भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय अनुसार)

**अभ्यर्थी का नाम और पताः-** गोपाल सिंह डेहरिया, ग्राम कोनापिंडरई, पोस्ट सॉख, तहसील चौरई, जिला छिंदवाड़ा

**राजनीतिक दल का नामः-** निर्दलीय

**(स्वतंत्र अभ्यार्थी यहां निर्दलीय लिखे)**

**निर्वाचन का नामः-** मध्य प्रदेश विधानसभा

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम :-** 124 चौरई विधानसभा, जिला छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश

मैं गोपाल सिंह डेहरिया (अभ्यर्थी का नाम), उपयुक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं।

| क्र. सं. | लंबित आपराधिक मामले | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधी) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण |
| 1 | अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश महोदय चौरई | सत्र प्रकरण क्रमांक एसटी/17/2023 | 29, 323, 365, 34 धारा | अपर एवं जिला सत्र न्यायधीश महोदय चौरई | विचाराधीन |
| 2 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |


### मतदाताओं के लिये वेबसाइट पर ई-ईपिक डाउनलोड करने सुविधा

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदाताओं के लिये ई-ईपिक कार्ड को डाउनलोड करके ई-ईपिक कार्ड प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके लिये मतदाता वेबसाइट voters.eci.gov.in के माध्यम ई-ईपिक कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज पुष्प ने बताया कि ई-ईपिक कार्ड के लिये प्रथम स्टेप में मतदाता को वेबसाइट voters.eci.gov.in में वोटर पोर्टल पर रजिस्टर कर लॉग इन करना होगा और इसके बाद व्दितीय स्टेप में ई-ईपिक डाउनलोड ऑप्शन पर जाकर ईपिक नंबर दर्जकरना होगा।

# पहाड़ चढ़कर वोट डालने जाते हैं लोग, पिछली बार 87 प्रतिशत वोटिंग हुई थी, इस बार मतदान का बहिष्कार...?

**नर्मदापुरम।** देश के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए नर्मदापुरम जिले के जिस दुर्गम मतदान केंद्र नादिया को लोकतंत्र का आदर्श बताया था, वहां अब हालात बदले हुए हैं। चुनाव में हर बार रिकॉर्ड मतदान करने वाले नादिया गांव के लोगों ने वोटिंग का बहिष्कार करने का फैसला लिया है। उनका कहना है कि हर बार वोट डालते हैं, प्रतिनिधि चुनते हैं मगर आज तक सुविधाएं नहीं मिली।

नादिया गांव पिपरिया विधानसभा सीट का हिस्सा है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में बसे इस गांव तक पहुंचने का रास्ता काफी दुर्गम है। नादिया के पोलिंग बूथ पर सुपडोंगर और बिनोरा गांव के वोटर मतदान करने आते हैं। इनकी संख्या 670 है। इन्हें यहां पहुंचने के लिए छह किमी लंबे पहाड़ी रास्ते पर चलना पड़ता है।

**बारिश में टापू बन जाता है गांव-** ग्राम पंचायत चूरनी में नादिया, सुपडोंगर, साकली, बिनोरा और गोटीखेड़ा गांव भी आते हैं। साकली, चूरनी और गोटीखेड़ा जंगल में हैं। ये नादिया से 18 किमी दूर हैं। यहां नदी पार करके जाना पड़ता है।

नर्मदापुरम जिला मुख्यालय से 180 किमी दूर मुख्य मार्ग पर भूरा भगत गांव है। भास्कर की टीम इस गांव तक गाड़ी से पहुंची। इसके बाद नादिया गांव जाने के लिए तीन किमी का पहाड़ी रास्ता है। कुछ आगे बढ़ने के बाद देनवा नदी पड़ी, जिस पर पुल नहीं था। नदी को पार करने के बाद ही नादिया गांव तक पहुंचा जा सकता है।




बारिश के दिनों में यहां पहुंचना बेहद मुश्किल है। नदी में पानी होने पर उस पार के गांव टापू बन जाते हैं। नादिया गांव के पोलिंग बूथ तक जाने के लिए मतदान दल इसी रास्ते से होकर गुजरता है। गांव से 300 मीटर पहले रास्ते में एक बैनर टंगा हुआ दिखाई दिया। बैनर पर लिखा है, 'रोड नहीं तो वोट नहीं'। गांववालों ने ये बैनर चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों के लिए टांगा है।

**वोट देने से कुछ नहीं बदलता, इसलिए बहिष्कार किया-** नादिया गांव में पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में यहां 85 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई थी। नादिया के अलावा सूप डोंगर और बेनोरा गांव के लोग भी यहां वोट डालने आते हैं। इन दोनों गांव के लोगों को पोलिंग बूथ तक पहुंचने के लिए दो रास्ते हैं। एक रास्ता छह किमी लंबा है, जो पहाड़ों से होकर गुजरता है और दूसरा रास्ता 10 किमी लंबा है। इस रास्ते से देनवा नदी को तीन बार पार करना पड़ता है।

नादिया गांव की सरपंच कमलावती साफ शब्दों में कहती हैं, % चुनाव आयोग हर बार यहां वोटिंग का इंतजाम जरूर करता है, लेकिन वोट देने से हमें क्या मिला। पंचायत के लोग सालों से नदी पर पुल और पक्की सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन वो आज तक पूरी नहीं हुई। अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों को कई बार पत्र लिखने के बाद भी कुछ नहीं बदला, इसलिए जिम्मेदारों का ध्यान खींचने के लिए वोटिंग के बहिष्कार का फैसला किया है।

## विजयवर्गीय बोले- मेरी सीट नहीं फंसी, सभी बड़े नेता आराम से जीत रहे, भाजपा की सरकार बन रही है



**भोपाल।** भाजपा महासचिव व एक नंबर विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि उनकी सीट नहीं फंसी हुई है। प्रदेश में भाजपा के सभी बड़े नेता आराम से जीत रहे है और प्रदेश में भाजपा की सरकार बन रही है, बल्कि कांग्रेस के कई बड़े नेता चुनाव हार रहे है।भाजपा महासचिव व एक नंबर विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि उनकी सीट नहीं फंसी हुई है। प्रदेश में भाजपा के सभी बड़े नेता आराम से जीत रहे है और प्रदेश में भाजपा की सरकार बन रही है, बल्कि कांग्रेस के कई बड़े नेता चुनाव हार रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बारे में उन्होंने कहा कि इंदौर की जनता मोदी को वर्ष 2023 और 2024 के लिए आशीर्वाद देना चाहती है। हमने रोड शो की पूरी तैयारी कर ली है। उन्हें देखने के लिए जनसैलाब उमड़ेगा। मोदी देश ही नहीं पूरी दुनिया में लोकप्रिय है। जनता उन्हें करीब से देखना चाहती है।

प्रदेश में कांग्रेस द्वारा ज्यादा सीटें जीतने के दावे पर विजयवर्गीय बोले कि उन लोगों को जमीनी हकीकत का अंदाज नहीं है। पिछली बार 1 करोड़ 15 लाख वोट मिले थे। इस बार तो एक करोड़ 37 लाख लाड़ली बहनें प्रदेश में है। भाजपा को एक करोड़ महिलाएं वोट देती है तो 50 लाख पुरुष भी तो वोट देंगे। यदि डेढ़ करोड़ लोग भाजपा को वोट देंगे तो 170 सीट बनती है। यदि हम मान ले कि 75 लाख महिलाएं वोट देगी और 50 लाख पुरुष वोट देंगे तो भी हमारी सरकार बन रही है।

भाजपा ने गरीब कल्याण की योजनाएं संचालित की है। गरीब कल्याण के कारण एक बड़ा वोटबैंक बना है। गरीबों को मकान मिले है। उज्जवला योजना में सिलेंडर मिले है। ये सब योजनाएं भी जनता को पसंद आई है। पूरे प्रदेश में भाजपा की लहर है। भाजपा की सरकार बन रही है।

### एमपी में बीजेपी को लगा झटका

## वोटिंग से पहले सिंधिया को एक और झटका, इस वफादार ने भी छोड़ दिया साथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होने है। विधानसभा चुनाव से पहले सिंधिया खेमे को बड़ा झटका लगा है। उनके समर्थक लगातार क्क्षक्का दामन छोड़ कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। वहीं अब सिंधिया को एक और बड़ा झटका लगा है। ग्वालियर जिले की ग्वालियर पूर्व विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेत्री माया सिंह के प्रस्तावक बीजेपी नेता एडवोकेट पंकज पालीवाल ने बीजेपी से इस्तीफा दे दिया है। उनके साथ बीजेपी के अन्य दो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस का हाथ थाम लिया है।

**सिंधिया को एक और बड़ा झटका!-** दरअसल मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंबर को वोटिंग होनी है। राज्य में एक ही चरण में चुनाव होना है। बीजेपी को चुनाव से पहले झटका लगा है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी माने जाने वाले प्रस्तावक बीजेपी नेता एडवोकेट पंकज पालीवाल बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए है। उनके साथ दो बार के जिला उपाध्यक्ष और महामंत्री चन्द्र प्रकाश गुप्ता, महिला नेत्री सीमा शर्मा ने भी बीजेपी को छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन कर ली है।

**सिकरवार के समक्ष ली कांग्रेस की सदस्यता-** पंकज पालीवाल के इस्तीफे की जानकारी विधायक डॉ सतीश सिंह सिकरवार ने ट्वीट कर दी है। उन्होंने लिखा-आज विधानसभा परिवार में तांगा स्टैण्ड नाका तिराहे पर महाजनसभा को सबोंधित करते हुए जनता-जनार्दन से कांग्रेस की लाभ नीति और विकास कार्यो पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर पंकज पालीवाल जी (माया सिंह के प्रस्तावक और जिला कार्यकारिणी सदस्य), चन्द्रप्रकाश गुप्ता जी (दो बार जिला उपाध्यक्ष भाजपा और महामंत्री), सीमा शर्मा (भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की सक्रिय सदस्य और वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी की नेत्री), नीरज यादव, अर्पित साहू ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



## जयवर्धन सिंह ने किया जनसंपर्क

**रूठियाई।** आज राधौगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी जयवर्धन सिंह ने रूठियाई में जनता से जनसंपर्क किया। इस दौरान जनता ने अपनी समस्याओं से रूबरू किया। यहां पर महिलाओं और बुजुर्गोंसे जीत सुनिश्चित करने आशीर्वाद प्राप्त किया। क्षेत्र में जयवर्धन सिंह जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। श्री सिंह ने कांग्रेस की

## सिंधिया को एक और बड़ा झटका! माया सिंह के प्रस्तावक ने छोड़ी भाजपा



**भोपाल।** मतदान से कुछ दिन पहले ही ग्वालियर में भाजपा को तगड़ा झटका लगा है। ग्वालियर जिले की ग्वालियर पूर्व विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेत्री माया सिंह के प्रस्तावक वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट पंकज पालीवाल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, इस्तीफा देने वालों में वरिष्ठ नेता चन्द्र प्रकाश गुप्ता सहित अन्य नेता भी शामिल है, कांग्रेस विधायक एवं प्रत्याशी सतीश सिंह सिकरवार ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है।

ग्वालियर जिले की ग्वालियर पूर्व विधानसभा सीट पर सबकी नजर है , इस सीट से कांग्रेस ने अपने कद्दावर विधायक डॉ सतीश सिंह सिकरवार को फिर चुनाव मैदान में उतारा है तो भाजपा ने अंतिम समय में पूर्व मंत्री, पूर्व राज्यसभा सदस्य, वरिष्ठ नेत्री, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मामी माया सिंह को प्रत्याशी बनाया है।

**माया सिंह के टिकट से अभी भी नाराज हैं कार्यकर्ता** - माया सिंह के नाम के बाद बहुत से लोगों में नाराजगी दिखाई दे रही है , पूर्व साडा अध्यक्ष जय सिंह कुशवाह ने इस्तीफा भी दे दिया था लेकिन नेतृत्व ने इसे अस्वीकार कर दिया, वे पिछले दिनों अमित शाह द्वारा आयोजित चुनिन्दा कार्यकर्ताओं की बैठक में भी शामिल हुए लेकिन आज भी बहुत से कार्यकर्ता ऐसे हैं जो इस टिकट से और भाजपा की कार्यशैली से नाखुश है।

**माया सिंह के प्रस्तावक पंकज पालीवाल और अन्य नेताओं ने भाजपा छोड़ी** - खास बात ये है कि आज एक ऐसे नेता ने पार्टी से इस्तीफा दिया है जो नामांकन फॉर्म भरते समय माया सिंह का प्रस्तावक था, एडवोकेट पंकज पालीवाल ने आज भाजपा छोड़ दी, वे पार्टी में कई पदों पर रह चुके हैं वर्तमान में जिला कार्यकारिणी सदस्य है, उनके साथ उनके मित्र दो बार के जिला उपाध्यक्ष और महामंत्री चन्द्र प्रकाश गुप्ता, महिला नेत्री सीमा शर्मा सहित अन्य कई नेताओं ने भाजपा को अलविदा कहकर कांग्रेस ज्वाइन कर ली।

**भाजपा शासनकाल में शासकीय अधिवक्ता रह चुके हैं पालीवाल** - कांग्रेस के एक कार्यक्रम में विधायक डॉ सतीश सिंह सिकरवार, जिला अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, और महापौर शोभा सिकरवार की मौजदूगी में इन नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की, जानकारी के मुताबिक पंकज पालीवाल, चन्द्र प्रकाश गुप्ता और अन्य नेता पार्टी की कार्य प्रणाली से नाखुश चल रहे थे और आज उन्होंने पार्ट छोड़ दी। आपको बता दें कि पंकज पालीवाल भाजपा शासनकाल में शासकीय अधिवक्ता भी रह चुके हैं।

**विधायक सतीश सिकरवार ने ट्वीट कर दी जानकारी-** विधायक डॉ सतीश सिंह सिकरवार ने ट्वीट किया ङ्क आज विधानसभा परिवार में तांगा स्टैण्ड नाका तिराहे पर महाजनसभा को सबोंधित करते हुए जनता-जनार्दन से कांग्रेस की लाभ नीति व विकास कार्यो पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर पंकज पालीवाल (माया सिंह के प्रस्तावक व जिला कार्यकारिणी सदस्य), चन्द्रप्रकाश गुप्ता (दो बार जिला उपाध्यक्ष भाजपा व महामंत्री), सीमा शर्मा (भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की सक्रिय सदस्य और वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी की नेत्री), नीरज यादव, अर्पित साहू ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मेरे सभी स्वजनों व युवाओं ने असीम संख्या में सम्मिलित होकर इसे भव्यता प्रदान की, यह विश्वास ही अमर पूंजी है।

## उत्तर भारत में बर्फबारी से भोपाल में ठंडक: दहलीज पर सर्दी, रात का पारा 12.8 डिग्री पर आया

**भोपाल।** सर्दी मौसम विभाग का अनुमान है कि उत्तरी हवा का आने का सिलसिला शुरू हो चुका है, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ गुजर चुका है। इससे अगले 24 घंटे के दौरान सर्दी दस्तक दे सकती है। यानी रात का तापमान 12.8 डिग्री से घटकर 12 डिग्री या इससे नीचे आ सकता है। दरअसल, न्यूनतम तापमान जब 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच जाता है, तभी सर्दी की दस्तक मानी जाती है। बीते 24 घंटे में प्रदेश में सबसे कम तापमान पचमढ़ी में 11 डिग्री दर्ज किया गया है(अधिकतम 29 डिग्री)।

उत्तर भारत में अर्ली स्नोफॉल (बर्फबारी) होने से भोपाल में भी ठंडक घुल गई है। दिन और रात दोनों ही टेम्प्रेचर में गिरावट हुई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले एक सप्ताह मौसम ऐसा ही रहेगा। रात का पारा 12 डिग्री तक आ सकता है, जबकि दिन में टेम्प्रेचर 30-31 डिग्री के बीच बना रहेगा। इस दौरान बादल भी छा सकते हैं। हालांकि, बारिश होने का अनुमान नहीं है। सोमवार को पहली बार दिन का टेम्प्रेचर 30 डिग्री के नीचे रहा। भोपाल में बीती रात तापमान 12.8 डिग्री दर्ज किया गया है। दिवाली के एक दिन पहले से ही सुबह के समय धुंध छाई हुई है।



**कश्मीर और हिमाचल बर्फबारी-** मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया, उत्तरी भारत में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टरबेंस आगे बढ़ गया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हल्की बर्फबारी हो रही है। इसका असर राजधानी के मौसम पर भी है। यहां दिन और रात दोनों ही तापमान में गिरावट हुई है। अगले चार से पांच दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। 20 नवंबर के बाद पारे में और गिरावट होने लगेगी।

**नवंबर के दिन-रात दोनों में ठंडक-** नवंबर के 13 दिनों में पहली बार सोमवार को दिन और रात दोनों में ठंडक रही। सोमवार को अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री दर्ज किया गया। एक दिन में 0.6 डिग्री की गिरावट देखने को मिली। वहीं, रविवार-सोमवार की रात में पारा 14.6 डिग्री दर्ज किया गया।

**इस महीने के शुरुआती 12 दिन गर्म रहे-** इससे पहले राजधानी में नवंबर के शुरुआती 12 दिन में मौसम का मिजाज गर्म रहा। पांच दिन पारा 33 डिग्री और 3 दिन 34 डिग्री या इससे अधिक रहा। वहीं, रात में पारा 18 डिग्री तक पहुंच गया। 10 नवंबर की रात में इतना पारा रहा था। हालांकि, दो ही दिन में दिन-रात के तापमान में गिरावट देखने को मिली।




### मप्र विधायकों की प्रॉपर्टी रिपोर्ट...

# मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव लड़ रहे 94 प्रतिशत विधायकों की संपत्ति में 50% का इजाफा, 6 फीसदी की प्रॉपर्टी में कमी

क्वाह्लक्क प्रदेश के विधायकों पर मां लक्ष्मी की खूब मेहरबानी हुई। दोबारा चुनाव लड़ रहे 192 विधायकों में से 94 फीसदी की संपत्ति में पिछले पांच साल में औसतन 50 फीसदी का इजाफा हुआ है। यानी इन विधायकों की प्रॉपर्टी पांच साल में 1 फीसदी से 1982 फीसदी तक बढ़ी। साढ़े तीन साल सरकार में रही बीजेपी के विधायकों की संपत्ति में 35 फीसदी तो महज 15 महीने सरकार में रही कांग्रेस के विधायकों की संपत्ति में 63 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। वहीं 6 फीसदी विधायकों की संपत्ति में कमी भी आई है। मौजूदा विधायकों में बीजेपी के 100, कांग्रेस के 88, बीएसपी के 2, निर्दलीय 1 और विंध्य जनता पार्टी के 1 विधायक इस चुनाव में उम्मीदवार हैं। यह जानकारी एडीआर ने विधायकों के शपथ पत्रों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट में दी है।

आइए टेबल के माध्यम से देखते हैं किस विधायक की संपत्ति कितनी बढ़ी...

इन दलों के विधायकों की इतनी संपत्ति बढ़ी...

| दल | वृद्धि/कमी |
|---|---|
| बीजेपी | 35 फीसदी वृद्धि |
| कांग्रेस | 63 फीसदी वृद्धि |
| बीएसपी | 82 फीसदी वृद्धि |
| निर्दलीय | 183 फीसदी वृद्धि |
| विंध्य जनता पार्टी | 3 फीसदी की कमी |

इन विधायकों की संपत्ति सबसे ज्यादा बढ़ी...

| विधायक का नाम | दल | संपत्ति (रुपए में) |
|---|---|---|
| चैतन्य कश्यप | बीजेपी | 91 करोड़ |
| संजय शर्मा | कांग्रेस | 81 करोड़ |
| संजय शुक्ला | कांग्रेस | 77 करोड़ |
| विशाल पटेल | कांग्रेस | 72 करोड़ |
| केपी सिंह कक्काजू | कांग्रेस | 66 करोड़ |

कांग्रेस ~100 फीसदी से ज्यादा बढ़ी इनकी संपत्ति...

| विधायक का नाम | संपत्ति |
|---|---|
| विशाल पटेल | 105 फीसदी |
| आलोक चतुर्वेदी | 165 फीसदी |
| जयवर्धन सिंह | 147 फीसदी |
| लक्ष्मण सिंह | 239 फीसदी |
| कमलेश्वर पटेल | 158 फीसदी |
| एनपी प्रजापति | 102 फीसदी |
| सुनील उइके | 148 फीसदी |
| हुकुम सिंह कराड़ा | 157 फीसदी |
| आरिफ मसूद | 104 फीसदी |
| नारायण सिंह पट्टा | 348 फीसदी |
| रामलाल मालवीय | 174 फीसदी |
| डॉ. हीरालाल अलावा | 1982 फीसदी |
| हिना कांवरे | 177 फीसदी |
| महेश परमार | 208 फीसदी |
| विजय राघवेंद्र सिंह | 566 फीसदी |
| सोहनलाल वाल्मीकि | 211 फीसदी |
| भूपेंद्र मरावी | 304 फीसदी |
| कुणाल चौधरी | 116 फीसदी |
| डॉ अशोक मर्सकोले | 438 फीसदी |
| संजय उइके | 109 फीसदी |
| प्रागीलाल जाटव | 110 फीसदी |
| प्रताप ग्रेवाल | 110 फीसदी |
| वीरसिंह भूरिया | 164 फीसदी |
| वाल सिंह मेड़ा | 103 फीसदी |
| विपिन वानखेड़े | 192 फीसदी |
| मनोज चावला | 322 फीसदी |
| कल्पना वर्मा | 139 फीसदी |

बीजेपी ~100 फीसदी से ज्यादा बढ़ी इनकी संपत्ति...

| विधायक | संपत्ति |
|---|---|
| दिनेश राय मुनमुन | 152 फीसदी |
| बहादुर सिंह चौहान | 104 फीसदी |
| कमल पटेल | 112 फीसदी |
| रामेश्वर शर्मा | 126 फीसदी |
| विष्णु खत्री | 113 फीसदी |
| प्रदीप लारिया | 403 फीसदी |
| डॉ. योगेश पंडाग्रे | 104 फीसदी |
| कमलेश जाटव | 148 फीसदी |
| अशोक रोहाणी | 136 फीसदी |
| मनीषा सिंह | 671 फीसदी |
| विक्रम सिंह | 149 फीसदी |
| एंदल सिंह कंसाना | 173 फीसदी |
| धर्मेंद्र लोधी | 373 फीसदी |
| शरद कोल | 1117 फीसदी |
| ठाकुरदास नागवंशी | 109 फीसदी |
| आशीष शर्मा | 155 फीसदी |
| उमाकांत शर्मा | 231 फीसदी |
| प्रहलाद लोधी | 158 फीसदी |

इन मंत्रियों की बढ़ी 100 फीसदी से ज्यादा संपत्ति...

| मंत्री | संपत्ति |
|---|---|
| उषा ठाकुर | 699 फीसदी |
| अरविंद भदौरिया | 602 फीसदी |
| भारत सिंह कुशवाह | 153 फीसदी |
| रामकिशोर कांवरे | 147 फीसदी |
| बृजेंद्र प्रताप सिंह | 126 फीसदी |
| विश्वास सारंग | 108 फीसदी |
| गिरीश गौतम | 212 फीसदी |

इन विधायकों की बढ़ी 100 फीसदी से ज्यादा संपत्ति...

केदारनाथ शुक्ला निर्दलीय 183 फीसदी

रामबाई बीएसपी 440 फीसदी

इन विधायकों की इतनी कम हुई संपत्ति...

| विधायक का नाम | दल | संपत्ति |
|---|---|---|
| बैजनाथ कुशवाह | कांग्रेस | 64 फीसदी |
| गायत्रीराजे पवार | बीजेपी | 37 फीसदी |
| सचिन बिरला | बीजेपी | 26 फीसदी |
| महेश राय | बीजेपी | 17 फीसदी |
| मुकेश पटेल | कांग्रेस | 15 फीसदी |
| करन सिंह वर्मा | बीजेपी | 15 फीसदी |
| राजेंद्र शुक्ला | बीजेपी | 6 फीसदी |
| बाबू जंडेल | कांग्रेस | 9 फीसदी |
| नारायण त्रिपाठी | विंध्य पार्टी | 3 फीसदी |
| नरोत्तम मिश्रा | बीजेपी | 1 फीसदी |
| नागेंद्र सिंह | बीजेपी | 1 फीसदी |
| संदीप जायसवाल | बीजेपी | 1 फीसदी |